RNI No.
RJBIL/26/A5611

जयपुर, राजस्थान
मौसम

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 35.0°C | 26.0°C |

| सूर्योदय | सूर्यास्त |
|---|---|
| 6:04 AM | 6:52 PM |

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

# दैनिक जूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

वर्ष: 01 | अंक: 48 | पृष्ठ: 8 | मूल्य: ₹2.00 | जयपुर, मंगलवार 01 सितंबर, 2026 | जयपुर, राजस्थान | राज्य: 01 | अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक)


## नेपाल में बाढ़: महाराष्ट्र के 67 नागरिकों से संपर्क करने की कोशिशें जारी

**जूम न्यूज़**

मुंबई। 26 अगस्त को नेपाल-तिब्बत इलाके में आई भीषण बाढ़ के बाद महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों के पर्यटक और नागरिक वहां फंस गए हैं। राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि इनमें से 67 लोगों का पता लगाने और उनसे संपर्क करने के लिए जोर-शोर से कोशिशें की जा रही हैं। 30 अगस्त, 2026 तक मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के कुल 405 नागरिक प्रभावित हुए हैं। इनमें से 262 नागरिकों को घर वापस लाया जा चुका है, जबकि 76 अन्य लोगों से संपर्क हो गया है और वे सुरक्षित हैं। जिन लोगों से संपर्क नहीं हो पाया है, उनका पता लगाने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष टीम काठमांडू पहुंच गई है। नेपाल में भारत के राजदूत ने टीम से मुलाकात की और जरूरी निर्देश दिए। प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा की पुष्टि करने के साथ-साथ उन्हें भारत वापस लाने की कोशिशें भी जारी हैं। सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशों के बाद सरकार यात्रा से जुड़ी दिक्कतों को दूर करते हुए हर तरह की मदद मुहैया करा रही है। उनकी लोकेशन का पता लगाने और जानकारी जुटाने के लिए प्रशासनिक कोशिशें जारी हैं।

# वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए पीएम मोदी, राष्ट्रपति पुतिन संग फिर दिखी 'कार डिप्लोमेसी'



**जूम न्यूज़**

बिश्केक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किर्गिस्तान की अपनी आधिकारिक यात्रा के तहत सोमवार को 'छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स' के उद्घाटन समारोह के लिए बिश्केक एरिना में पहुंचे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता दुनिया भर के खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को एक मंच पर लाती है, जहां वे पारंपरिक खेलों, संस्कृति और घुमंतू सभ्यताओं की विरासत का उत्सव मनाते हैं। खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक ही कार में उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। उद्घाटन समारोह सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात 9 बजे बिश्केक एरिना में शुरू हुआ। खेलों के मुख्य कार्यक्रम चोलपोन-अता, किर्चिन और इस्सिक-कुल क्षेत्र के आसपास की अन्य जगहों पर आयोजित किए जाएंगे। छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स 2026 में 110 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं। भारत 87 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के साथ हिस्सा ले रहा है, जिसमें 73 एथलीट, 10 सांस्कृतिक प्रतिनिधि और वैज्ञानिक कार्यक्रम में चार प्रतिभागी शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी किर्गिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव और वर्ल्ड नोमैड गेम्स से जुड़े व्यापक सांस्कृतिक और लोगों के बीच के संबंधों को उजागर करती है। 2026 के संस्करण में 43 खेल शामिल हैं, जिनमें पारंपरिक कुश्ती के रूप जैसे गोलेश, कुराश और मंगोल बोख के साथ-साथ कोक बोरू, केकपार, घुड़सवारी के कार्यक्रम, तोगुज कारगूल, मंगला, ओवारे, चुको, ओर्डो, रस्साकशी और स्ट्रॉन्गमैन प्रतियोगिताएं शामिल हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'इको ऑफ नोमैड्स', नोमैड फेस्ट, 'हेरिटेज ऑफ नोमैड्स', आर्ट लैब और एथनो-बाजार जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इन खेलों में खानाबदोश विरासत, पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक संवाद पर केंद्रित एक विशेष वैज्ञानिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है।

वर्ल्ड नोमैड गेम्स की परिकल्पना वर्ष 2012 में हुई थी, जब किर्गिस्तान, अजरबैजान, कजाखस्तान और तुर्किये ने तुर्किक देशों के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में बिश्केक घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। इस प्रतियोगिता का पहला संस्करण 2014 में किर्गिस्तान में आयोजित किया गया, जिसके बाद 2016 और 2018 में भी इसका आयोजन किर्गिस्तान में हुआ। चौथा संस्करण 2022 में तुर्किये और पांचवां संस्करण 2024 में कजाखस्तान में आयोजित किया गया। अब छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स का आयोजन किर्गिस्तान में किया जा रहा है। वर्ल्ड नोमैड गेम्स की परिकल्पना 2012 में हुई थी। उस समय किर्गिस्तान, अजरबैजान, कजाखस्तान और तुर्किये ने तुर्किक देशों के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में बिश्केक घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे।

इस प्रतियोगिता का पहला संस्करण 2014 में किर्गिस्तान में आयोजित हुआ था। इसके बाद 2016 और 2018 में भी किर्गिस्तान ने इसकी मेजबानी की। चौथा संस्करण 2022 में तुर्किये और पांचवां संस्करण 2024 में कजाखस्तान में आयोजित किया गया।

अब छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स की मेजबानी एक बार फिर किर्गिस्तान कर रहा है। इसके साथ ही खानाबदोश सभ्यता की विरासत, पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक संवाद पर केंद्रित विशेष वैज्ञानिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। खेलों के मुख्य कार्यक्रम चोलपोन-अता, किर्चिन और इस्सिक-कुल क्षेत्र के आसपास के विभिन्न स्थानों पर होंगे।

## जस्टिस संजय के. अग्रवाल हो सकते हैं राजस्थान हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस



**जूम न्यूज़**

जयपुर/नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस संजय के. अग्रवाल को राजस्थान हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश (Chief Justice) नियुक्त करने की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 31 अगस्त 2026 को हुई बैठक में यह अहम निर्णय लिया। नियमित चीफ जस्टिस की सिफारिश : सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से जस्टिस संजय के. अग्रवाल को पदोन्नत कर राजस्थान हाईकोर्ट का नियमित चीफ जस्टिस नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित किया है। तत्काल तबादले का प्रस्ताव : औपचारिक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें तुरंत प्रभाव से राजस्थान हाईकोर्ट स्थानांतरित करने का सुझाव भी दिया गया है, जिससे वे वरिष्ठतम न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाल सकें।

पृष्ठभूमि : 15 जुलाई 1965 को जन्मे जस्टिस संजय के. अग्रवाल छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता (Advocate General) रह चुके हैं। उन्हें सितंबर 2013 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश और मार्च 2016 में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

हालिया घटनाक्रम : राजस्थान हाईकोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (Acting CJ) जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को लेकर उठे प्रशासनिक विवादों और वकीलों के विरोध प्रदर्शन के बीच कॉलेजियम ने नियमित मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का यह कदम उठाया है।

## भारतीय युवा संसद के लिए यूनिवर्सिटी के 10 विद्यार्थियों का चयन, जयपुर में होने वाले आयोजन में करेंगे प्रतिनिधित्व



**जूम न्यूज़**

जयपुर। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय की ओर से भारतीय युवा संसद के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये विद्यार्थी राजस्थान के जयपुर में होने वाली भारतीय युवा संसद में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कुलगुरु डॉ. मनाली क्षीरसागर के मार्गदर्शन में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्कूल ऑफ लॉ में चयन प्रक्रिया आयोजित की गई।

इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और वक्तृत्व कौशल विकसित करने के साथ ही सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों की समझ तथा संसदीयो कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर परीक्षक मंडल ने 10 विद्यार्थियों का चयन किया। अब ये विद्यार्थी जयपुर में आयोजित भारतीय युवा संसद में विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रक्रिया में विद्यार्थी विकास विभाग के प्रभारी संचालक डॉ. विजय तांगड़े और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्कूल ऑफ लॉ के संचालक डॉ. रविशंकर मोर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षक मंडल में प्रबंधन परिषद के सदस्य वामन तुर्के, अण्णासाहेब गुंडेवार महाविद्यालय के प्रा. प्रवीन भागडीकर तथा गोविंदराव वंजारी कॉलेज ऑफ लॉ की पूर्व प्राचार्य डॉ. स्नेहल फडणवीस शामिल थीं। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. प्रवीणा खोब्रागड़े, डॉ. अधरा देशपांडे, कार्यक्रम समन्वयक प्रा. ममता गोमासे, डॉ. प्रवीणा उराड़े और यशश्री गोडे ने प्रयास किए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने चयनित विद्यार्थियों से जयपुर की युवा संसद में प्रभावी और उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व की अपेक्षा जताई है।

## अब उज्बेकिस्तान में चलेगा यूपीआई, भारतीय आसानी से कर पाएंगे भुगतान

**जूम न्यूज़**

नई दिल्ली। मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान में अब यूपीआई चलेगा। इससे भारतीय पर्यटक, कारोबारी और छात्र आसानी से एक क्यूआर के जरिए तत्काल सीमा-पार मर्चेंट भुगतान कर पाएंगे। यह जानकारी सोमवार को वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई।

वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, इसके लिए उज्बेकिस्तान के राष्ट्रीय इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड यूजेडक्यूआर को स्कैन करना होगा। बयान में कहा गया है कि भारतीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीआईएल ने 30 अगस्त को उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली एचयूएमओ का संचालन करने वाले नेशनल इंटरबैंक प्रोसेसिंग सेंटर जेएससी (एनआईपीसी) के साथ एक वाणिज्यिक समझौता किया। यह यूपीआई के अंतरराष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# देशभर के छात्र आंदोलनों से जुड़े मामलों में एफआईआर रद्द करने की मांग, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी अर्जी



**जूम न्यूज़**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अर्जी देकर जंतर-मंतर और देश के अन्य हिस्सों में प्रदर्शन करने वाले छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की। सरकार ने शीर्ष अदालत से संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने यह मामला उठाया, जिसमें जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। उन्होंने केंद्र की अर्जी पर तुरंत सुनवाई की मांग की। उन्होंने कहा, 'मैं एक अंतरिम अर्जी दाखिल करना चाहता हूं, अगर आप कल इसकी सुनवाई की इजाजत दें। यह उस विरोध-प्रदर्शन से जुड़ा है, जिसका मकसद एफआईआर रद्द करवाना वगैरह है। हम संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल कर रहे हैं।' जब सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने मामले के बारे में पूछा, तो सॉलिसिटर जनरल ने दोहराया कि अर्जी देशभर में छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों के सिलसिले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने से जुड़ी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'अगर पक्ष समझौता कर रहे हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है।' केंद्र के दूसरे सबसे बड़े कानूनी अधिकारी एसजी मेहता ने पूछा, 'क्या कल सुनवाई हो सकती है, माय लॉर्ड?' इस पर सीजेआई की बेंच मंगलवार को मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गई। यह घटनाक्रम कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) द्वारा इंडिया गेट से नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक 5 सितंबर को प्रस्तावित विरोध मार्च से पहले हुआ है। सीजेपी ने 24 अगस्त को इस मार्च की घोषणा की थी। पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार देशभर में युवाओं के विरोध प्रदर्शन वापस लेने के बाद 25 जुलाई को युवाओं से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रही है। पार्टी ने कहा था कि 5 सितंबर के मार्च का नेतृत्व नीट परीक्षा से जुड़े मृत छात्रों के परिवार और पुलिस बर्बरता के शिकार लोग करेंगे और इसमें देशभर के छात्र और युवा नागरिक शामिल होंगे। सीजेपी ने 18 अगस्त की सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में दर्ज एफआईआर का विवरण मांगा था, ताकि उन्हें एक साथ रद्द करने के मुद्दे पर विचार किया जा सके। इससे पहले दिन में सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर के प्रस्तावित विरोध मार्च के खिलाफ कोई भी अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस स्तर पर ऐसी कोई ठोस वजह नहीं है जिससे यह माना जाए कि प्रदर्शन से कानून व्यवस्था की कोई समस्या पैदा होगी। साथ ही यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना आखिरकार पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

# अमेरिका की सैन्य तैयारियों पर उत्तर कोरिया का पलटवार, दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**जूम न्यूज़**

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने सोमवार को अमेरिकी ट्रंप प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। प्योंगयांग ने अमेरिका पर उनके प्रति लगातार दुश्मनी और विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाया है और कड़ी निंदा की है। इसके साथ ही सख्त जवाब देने की धमकी भी दी है। उत्तर कोरिया की तरफ से यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उसके खिलाफ पूर्ण डिन्यूक्लियराइजेशन की प्रतिबद्धता को दोहराया है। हालांकि, इस साल के अंत तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन से मुलाकात की उम्मीद जताई है। कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (KCNA) ने उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के आधिकारिक बयान के हवाले से बताया, 'अमेरिका डिन्यूक्लियराइजेशन और मानवाधिकारों के नाम पर उसके खिलाफ लगातार दुश्मनी भरा कदम उठा रहा है। ऐसे में इलाके में दोनों देशों के बीच तनाव कम होने की उम्मीद करना बेमतलब है, क्योंकि स्थिति बहुत ही गंभीर है और उत्तर कोरिया (DPRK) के प्रति अमेरिका की लगातार शत्रुतापूर्ण नीति और भी खतरनाक रूप ले रही है।' इस दौरान कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अपने पुराने आरोप को दोहराते हुए कहा कि ऐसे सैन्य अभ्यास की तैयारी के लिए किए जाते हैं। इसे उन्होंने सैन्य उकसावे का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा, 'ट्रंप सरकार ने इस तरह से एक बार फिर अपनी स्थायी दुश्मनी वाली नीति को पूरी तरह से साबित कर दिया है। वह डिन्यूक्लियराइजेशन रैकेट, मानवाधिकारों के नाम पर बदनाम करने के अभियान और सैन्य धमकियों के जरिए उत्तर कोरिया की संप्रभुता, राजनीतिक व्यवस्था और सुरक्षा हितों का खुले तौर पर उल्लंघन करना चाहते हैं।' उत्तर कोरिया का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान की तरफ से घोषणा की गई थी कि तीनों देश मिलकर फ्रीडम एज नाम से एक ट्राइलेटरल मिलिट्री एक्सरसाइज को तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रखेंगे। इसके बावजूद ट्रंप प्रशासन और किम जोंग उन के बीच संभावित मुलाकात की चर्चा जारी है। ऐसे में उत्तर कोरिया की ताजा कड़ी प्रतिक्रिया से दोनों देशों के बीच बातचीत और तनाव कम करने की संभावनाओं पर भी नजर बनी हुई है।

## कौशांबी आग हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, आर्थिक मदद का ऐलान

**जूम न्यूज़**

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पटाखा फैक्ट्री भीषण हादसे में हुई 11 लोगों की मौत पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए बतौर आर्थिक मदद देने की ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि उत्तर प्रदेश के कौशांबी में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायल लोग जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस भीषण हादसे पर दुख जताया है।

## राजस्थान भाजपा ने जयपुर नगर निगम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, पूर्व महापौर को मिला टिकट

**जूम न्यूज़**

जयपुर। भाजपा ने सोमवार को जयपुर नगर निगम चुनाव 2026 के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के सामने 150 से अधिक वार्डों में टिकट वितरित करने की बड़ी चुनौती थी क्योंकि असंतुष्ट उम्मीदवारों के बगावत करके निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की आशंका थी। भाजपा के राज्य कार्यालय में रविवार देर रात तक बैठकों का सिलसिला जारी रहा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य अध्यक्ष मदन राठौर और जयपुर की देखरेख करने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। विभिन्न राजनीतिक समीकरणों को संतुलित करने के लिए लंबे विचार-विमर्श और प्रयासों के बाद पार्टी ने अंतिम समय में अपने चयनित उम्मीदवारों को आधिकारिक फॉर्म-बी दस्तावेज और चुनाव चिन्ह सौंपे। भाजपा ने अनुभवी पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्पित नेताओं, महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कांग्रेस छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व पार्षदों को मिलाकर उम्मीदवार उतारे हैं। उम्मीदवारों की सूची में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम वार्ड स्तर के पार्षद चुनाव में पूर्व जयपुर मेयर ज्योति खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाना है। खंडेलवाल, जो पहले जयपुर की पहली महिला महापौर रह चुकी हैं और बाद में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ीं, उन्हें अब 2026 के जयपुर नगर निगम चुनावों में पार्षद सीट के लिए भाजपा का टिकट दिया गया है। खंडेलवाल ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई थीं। वार्ड स्तर पर पूर्व महापौर को उम्मीदवार बनाने के भाजपा के फैसले ने जयपुर के राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा पैदा कर दी है। उनका राजनीतिक सफर अब एक तरह से पूरा हो चुका है। उम्मीदवारों की सूची में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम वार्ड स्तर के पार्षद चुनाव में पूर्व जयपुर मेयर ज्योति खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाना है।

# बिज्जी ने शब्द की महत्ता को समझा और शब्द के साथ अजर-अमर हो गए : डॉ. घासीरामवर्मा

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

चूरू। विजयदान देथा 'बिज्जी' शताब्दी समारोह का भव्य शुभारंभ शताब्दी पुरुष डॉ. घासीराम वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. कल्याण सिंह शेखावत ने की, जबकि पद्मश्री डॉ. चंद्रप्रकाश देवल ने बिज्जी के साहित्य पर बीज भाषण दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सत्यनारायण एवं श्याम महर्षि मंचासीन रहे। संस्थान अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन डॉ. उम्मेद गोठवाल ने किया। उद्घाटन अवसर पर डॉ. घासीराम वर्मा ने कहा कि बिज्जी ने शब्द की महत्ता को समझा और शब्द के साथ स्वयं भी अजर-अमर हो गए। वे विश्वस्तरीय साहित्यकार थे। उनका साहित्य लोक की जड़ों से जुड़ा होने के साथ सार्वभौमिक संवेदनाओं को अभिव्यक्त करता है। पद्मश्री डॉ. चंद्रप्रकाश देवल ने कहा कि बिज्जी आधुनिक राजस्थानी के पहले गद्य पुरुष थे और कहानी लेखन उनसे सीखा जाना चाहिए। उन्होंने राजस्थानी भाषा और साहित्य को अखिल भारतीय स्तर पर पहचान दिलाई। कथा लेखन, संपादन, संस्थान संचालन और भाषा संस्कार के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। श्याम महर्षि ने बिज्जी को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनका नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित होना राजस्थानी साहित्य के वैश्विक कद को दर्शाता है। डॉ. सत्यनारायण ने उन्हें 'प्रोत्साहन पुरुष' बताते हुए कहा कि उनके प्रोत्साहन से अनेक युवा लेखकों को साहित्य में पहचान मिली। उन्होंने बिज्जी के साथ बिताए संस्मरण भी साझा किए। उद्घाटन सत्र के बाद 'बिज्जी और उनका रचना संसार' विषय पर विचार गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता राजाराम भादू ने की। फारूक अफरीदी, मालचंद तिवाड़ी, विनोद भारद्वाज, बुलाकी शर्मा, राजेंद्र शर्मा 'मुसाफिर', महेंद्र नेह, सत्येंद्र चारण एवं दीनदयाल शर्मा ने बिज्जी के साहित्य के विभिन्न पक्षों पर विचार रखे। संचालन डॉ. हरिमोहन सारस्वत ने किया। समारोह के विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने बिज्जी की कथा कला, लोक चेतना, भाषा संस्कार और बहुआयामी व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें राजस्थानी साहित्य की विराट प्रतिभा बताया। वक्ताओं ने कहा कि बिज्जी ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राजस्थानी साहित्य को देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई।






## संपादकीय

### भीनमाल नगरपालिका में भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित




**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

जालोर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार दीपक कुमार देवासी जालोर जिले की भीनमाल नगरपालिका के वार्ड संख्या 11 से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। भीनमाल के उपमंडल अधिकारी रामलाल मीना ने पुष्टि की कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद देवासी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अपने निर्विरोध चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए देवासी ने कहा कि जनता ने उन पर भरोसा जताया है और वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। वे इससे पहले 2019-20 के शैक्षणिक सत्र के दौरान एक स्थानीय कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा ने इस जीत को आगामी स्थानीय निकाय चुनावों से पहले बढ़ते जनसमर्थन का संकेत बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने कहा कि यह जीत पार्टी में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं और जनता के भरोसे के बल पर चुनाव लड़ रही है, और पार्टी के लिए चुनाव केवल सत्ता हासिल करने का साधन नहीं बल्कि जनसेवा और क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता है। राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जन कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### स्थगन आदेश के बावजूद विवादित भूमि के 7 विक्रय पत्र पंजीकृत कराने का आरोप

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बीकानेर। ग्राम उदयरामसर स्थित आसोपा आश्रम ट्रस्ट की विवादित भूमि को लेकर तत्कालीन उपपंजीयक (प्रथम) ताराचंद मीणा पर न्यायालय के स्थगन आदेशों की कथित अवहेलना करते हुए एक ही दिन में सात विक्रय पत्र पंजीकृत करने का आरोप लगाया गया है।

मामले में उर्मिला आसोपा ने एसीबी की बीकानेर चौकी में शिकायत देकर जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार उदयरामसर में आसोपा आश्रम ट्रस्ट की करीब 589.15 बीघा भूमि से जुड़े खसरा नंबर 1008, 1010/1 और 519/1 आदि के मामले राजस्थान राजस्व मंडल, अजमेर में विचाराधीन हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि संबंधित जमाबंदी में वर्ष 2013 से न्यायालयीन स्थगन आदेश और रेफरेंस का इंदराज दर्ज है तथा भूमि के हस्तांतरण पर भी रोक के आदेश बताए गए हैं।

# नगरीय निकाय आम चुनावः निर्वाचन के दिन संबंधित नगरीय क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बीकानेर। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के संदर्भ में विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में मतदान के दिवस सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 9 सितम्बर को बीकानेर नगर निगम निर्वाचन क्षेत्र में तथा 11 सितम्बर को नगर पालिका नोखा, श्रीडूंगरगढ़, देशनोक, खाजूवाला, लूणकरणसर और नापासर में मतदान के दिवस मतदान होने की स्थिति में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेश सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत जारी किए गए हैं। उक्त आदेश जिले की संबंधित नगर पालिका निर्वाचन क्षेत्र के अलावा अन्य किसी तहसील अथवा ग्रामों पर लागू नहीं होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह आदेश सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत जारी किया गया है।

अवकाश केवल उन्हीं नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों में लागू होगा, जहां संबंधित तिथि को मतदान निर्धारित है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सार्वजनिक अवकाश संबंधित नगर पालिका निर्वाचन क्षेत्र तक ही सीमित रहेगा। जिले की अन्य तहसीलों अथवा ग्रामों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां जारी हैं। मतदान दिवस पर कानून-व्यवस्था, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं और मतदाताओं की सुविधा को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। इस तरह बीकानेर नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं के लिए 9 सितंबर और छह नगर पालिका क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए 11 सितंबर मतदान का महत्वपूर्ण दिन रहेगा। प्रशासन ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं से मतदान दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

## बीएपी ने बांसवाड़ा निकाय चुनाव में पहली बार उम्मीदवार उतारे

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बांसवाड़ा। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने बांसवाड़ा नगर परिषद के 60 में से 20 वार्डों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसके साथ ही, आदिवासी बहुल इलाके में होने वाले निकाय चुनावों में पार्टी पहली बार हिस्सा ले रही है। राजस्थान में निकाय चुनावों के लिए राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ने कई नगर परिषदों के लिए पार्षद उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की। नागौर नगर परिषद में, कांग्रेस ने 60 में से 49 वार्डों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है, जबकि भाजपा ने 46 वार्डों के लिए नाम जारी किए हैं। कांग्रेस ने वार्ड नंबर 10 से नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल भाटी को टिकट नहीं दिया और उनकी जगह उनके भतीजे प्रवीण सोलंकी (पूर्व अध्यक्ष कृपाराम सोलंकी के बेटे) को मैदान में उतारा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने दौसा नगर परिषद के लिए पार्षद उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

# पूर्व मंत्री रिणवा के घर से हटे BJP के पोस्टर, कार्यालय को लेकर सियासी चर्चाएं तेज

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

सरदारशहर। सरदारशहर में भाजपा के चुनावी कार्यालय को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के आवास पर बनाए गए भाजपा कार्यालय से पार्टी के पोस्टर और झंडे हटा दिए गए हैं। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यह बदलाव भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के सरदारशहर पहुंचने के बाद सामने आया। हालांकि, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने पार्टी के भीतर किसी भी तरह के विवाद या मतभेद से साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट हैं तथा पार्टी पूरी मजबूती के साथ आगामी चुनाव लड़ रही है। रिणवा के आवास से अचानक पार्टी के पोस्टर और झंडे हटाए जाने को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, इस संबंध में पार्टी की ओर से किसी विवाद या कार्यालय में बदलाव को लेकर कोई आधिकारिक कारण सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में भाजपा की चुनावी गतिविधियों के साथ इस घटनाक्रम को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकती है। आगामी चुनाव को देखते हुए सरदारशहर में भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियां पहले से ही तेज हैं। ऐसे में चुनावी कार्यालय से जुड़े इस बदलाव को लेकर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं के बीच भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। पार्टी के स्थानीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों, बैठकों और जनसंपर्क अभियानों को लेकर अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में चुनाव संचालन की व्यवस्था किस स्थान से की जाएगी। वहीं, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के आवास से पार्टी से जुड़े प्रतीक हटने के बाद उनके समर्थकों के बीच भी तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, अभी तक रिणवा की ओर से इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कोई स्पष्ट सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



## फेक बॉस बनकर ठगी कर रहे साइबर ठग, राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने 'बॉस स्कैम' को लेकर आमजन और कर्मचारियों को सतर्क किया है। साइबर ठग कंपनी के बॉस, वरिष्ठ अधिकारी या बिजनेस पार्टनर बनकर व्हाट्सएप, ई-मेल या एसएमएस के जरिए अर्जेंट मैसेज भेजकर पैसे ट्रांसफर करने, गिफ्ट कार्ड खरीदने या गोपनीय डेटा साझा करने का दबाव बनाते हैं। Lपुलिस ने वित्तीय निर्देशों की संबंधित अधिकारी से फोन पर पुष्टि करने, ई-मेल डोमेन जांचने, मल्टीलेवल अप्रूवल सिस्टम अपनाने और व्हाट्सएप टू-फैक्टर वेरिफिकेशन सक्रिय रखने की सलाह दी है। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करें। साइबर हेल्पडेस्क के 9256001930 और 9257510100 नंबरों पर भी सूचना दी जा सकती है। कई मामलों में मालवेयर के जरिए कंप्यूटर व व्हाट्सएप तक पहुंच बनाने का प्रयास भी किया जाता है।

# इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसायटी की आम सभा की बैठक संपन्न

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

चूरू। जिला मुख्यालय पर इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसायटी की आम सभा की बैठक जयपुर रोड स्थित जामिया अरबिया दारुल उलूम में शौकत अली खान झारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कौम और समाज से जुड़े सामयिक एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा की गई। उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपने विचार एवं सुझाव रखे। बैठक में राजस्थान कायमखानी शोध संस्थान, जोधपुर की ओर से 27 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की जानकारी साझा की गई तथा इसकी तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही सोसायटी की पूर्व बैठकों में लिए गए प्रस्तावों एवं निर्णयों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी हाजी याकूब थीम, डॉ. एफ.एच. गौरी, सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी अयूब खान, एईएन रियाज खान, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी



डॉ. एम.ए. शेख, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल नजीर मोहम्मद खान एवं प्रिंसिपल आरिफ मोहम्मद खान ने विचार रखे और विभिन्न विषयों पर उपयोगी सुझाव दिए। अध्यक्ष शौकत अली खान ने बताया कि नवंबर-दिसंबर 2026 में फारुख मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता को लेकर उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताते हुए सुझाव दिए। शिक्षाविद खुर्शीद गौरी (ग्रेविटी कोचिंग सेंटर) एवं नवांकुर अकादमी के निदेशक रमजान मोहम्मद खान ने भी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में शिक्षाविद राशिद खान मोयल, आरिफ खान एबीएस, आबिद खान लायन, मोहम्मद अली पठान, अनीश खान, आवेश कुरैशी, करामत खान, शिक्षाविद मोहम्मद सादिक खान, कैप्टन जसवंत खान, जाकिर हुसैन गौरी, हबीब डायर, समीर खान, आसिफ खान एवं मुफ्ती इरशाद कासमी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में शौकत अली खान झारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन डॉ. एफ.एच. गौरी ने किया।

# मथानिया में RO चैंबर में विधायक सियोल के जाने पर हंगामा, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा धरने पर बैठीं

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

जोधपुर। मथानिया नगर पालिका चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन ओसियां विधायक भैराराम सियोल के रिटर्निंग अधिकारी (RO) के चैंबर में जाने को लेकर विवाद हो गया। घटना के बाद पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गईं और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। दिव्या मदेरणा ने आरोप लगाया कि उन्हें सूचना मिली थी कि विधायक सियोल अपने समर्थकों के साथ दोपहर तीन बजे के बाद RO के चैंबर में गए। उन्होंने सवाल उठाया कि निर्धारित समय के बाद RO के कक्ष में विधायक के जाने की अनुमति कैसे दी गई। मदेरणा का आरोप है कि उनके तीन उम्मीदवारों को पुलिस ने धक्के देकर बाहर निकाल दिया और उनके साथ बदसलूकी भी की गई। धरने के दौरान दिव्या मदेरणा RO पंकज जैन के कक्ष में पहुंचीं और विधायक को अंदर आने की अनुमति देने पर सवाल किए। उन्होंने मथानिया सीआई तुलसी से भी मामले को लेकर नाराजगी जताई और पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। मदेरणा ने कहा कि यदि तीन बजे के बाद किसी प्रत्याशी को नामांकन दाखिल करने की अनुमति नहीं है तो फिर विधायक को RO के चैंबर में जाने की अनुमति कैसे मिली। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पूरे मामले में जवाब चाहिए और चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित होनी चाहिए। सियोल ने कहा कि मथानिया और तिंवरी नगर पालिका में कांग्रेस के मूल कार्यकर्ताओं के टिकट काटे जाने से पार्टी के भीतर रोष है और इसी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए दिव्या मदेरणा धरने पर बैठी हैं।



# साहिबाबाद और हैदराबाद में लहराएगा आदर्श विद्या मंदिर का परचम, 10 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

सरदारशहर। उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, सरदारशहर के 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने शूटिंग और स्केटिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत, प्रभारी मनोज कुमार रैगर, शिशु वाटिका प्रभारी रामचंद्र स्वामी, जितेंद्र सोनी सहित आचार्यगण ने विजेता खिलाड़ियों का माला पहनाकर, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मान किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता अजमेर में नविका सोनगरा ने इनलाइन वर्ग में 500, 1000 और 3000 मीटर रोड रेस में तीन स्वर्ण पदक जीते। वहीं शिवराज सिंह ने क्वाड वर्ग की 500 और 1000 मीटर दौड़ में एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ी 25 से 27 सितंबर तक हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। U-19 पिस्टल वर्ग में दिव्या राजपुरोहित ने प्रथम, रैना सैनी ने द्वितीय और अमित प्रजापत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। U-17 पिस्टल वर्ग में जयश्री चारण ने द्वितीय तथा ज्योति और जितेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। U-14 पिस्टल वर्ग में मुकुन्द सोनी द्वितीय और U-19 राइफल वर्ग में चंचल पांडिया द्वितीय स्थान पर रहे। ये सभी आठ शूटिंग खिलाड़ी साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सरदारशहर और राजस्थान का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय स्तर पर चयन के बाद अब इन खिलाड़ियों की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना विद्यार्थियों के लिए गौरव के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में भी खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है। आचार्यगण ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन देने की है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी क्षमता पहचानने और उसे निखारने का अवसर मिलता है।

राजस्थान/ प्रादेशिक

# महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव डॉ. अनीता परिहार ने छोड़ी पार्टी, RLP के सिंबल पर भरा पर्चा

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

जोधपुर। राजस्थान नगर निकाय चुनाव 2026 के बीच जोधपुर में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव डॉ. अनीता परिहार ने टिकट वितरण में उपेक्षा और परिवारवाद के आरोप लगाते हुए कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) की सदस्यता ग्रहण कर ली है। RLP में शामिल होते ही उन्होंने पार्टी सिंबल पर अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया। टिकट वितरण को लेकर नाराजगी और वायरल वीडियो जोधपुर नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की आधिकारिक सूची जारी होने से पहले ही डॉ. अनीता परिहार का एक वीडियो सामने आया था। इसमें उन्होंने वार्ड संख्या 99 और 100 से पूर्व महापौर कुंती देवड़ा और उनके भाई को चुनावी मैदान में उतारे जाने की संभावनाओं पर तीखा ऐतराज जताया था और नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। टिकट न मिलने की पुष्टि के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ सीधे RLP का दामन थाम लिया। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस संगठन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। निकाय चुनाव के तहत मारवाड़ के अन्य हिस्सों में भी चुनावी बिसात बिछ चुकी है। बाड़मेर नगर परिषद के 55 वार्डों में से कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 40 वार्डों के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) ने भी 11 वार्डों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 31 अगस्त को सभी दलों के प्रत्याशियों और निर्दलीयों की अंतिम तस्वीर साफ होगी। नामांकन के अंतिम चरण में जोधपुर की राजनीति में सामने आए इस घटनाक्रम ने कांग्रेस के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। चुनाव से ठीक पहले वरिष्ठ महिला पदाधिकारी का पार्टी छोड़कर दूसरे दल में जाना स्थानीय संगठन के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासतौर पर ऐसे समय में जब प्रत्याशियों के चयन को लेकर कई वार्डों में कार्यकर्ताओं और दावेदारों के बीच असंतोष की चर्चाएं पहले से चल रही हैं। डॉ. अनीता परिहार के दूसरे दल में शामिल होने के बाद अब उनके समर्थकों की भूमिका भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।



## 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का महिला प्रतिनिधियों से संवाद




**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। 8वें केंद्रीय वेतन आयोग द्वारा देशभर में स्टेकहोल्डर्स के साथ किए जा रहे संवाद एवं परामर्श के क्रम में सोमवार को जयपुर में हरिशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में आयोग के सदस्य सचिव पंकज जैन ने केन्द्र व राज्य सरकार में कार्यरत महिला प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। बैठक में एचसीएम रीपा की महानिदेशक श्रेया गुहा ने बताया कि केन्द्रीय वेतन आयोग द्वारा पहली बार संवाद कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से केन्द्र व राज्य सरकार की महिला अधिकारियों, कर्मचारियों के विचार आमंत्रित कर इस प्रकार का संवाद कार्यक्रम किया। महिला अधिकारियों ने आयोग के समक्ष अपने विचारों का दो सत्रों में प्रस्तुतीकरण कर मुख्यतः महिला कार्मिकों से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय प्रदान की। सदस्य सचिव ने महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों की राय मांगी तथा उनके सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। इस संवाद कार्यक्रम में एचसीएम रीपा की महानिदेशक श्रेया गुहा ने भी महिला कार्मिकों से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक विचार प्रस्तुत किये।

## AVVNL के जेईएन को 10,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

उदयपुर। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. उदयपुर इकाई द्वारा आज कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर मीणा, जेईएन, एवीवीएनएल ऑफिस देबारी, उदयपुर को परिवादी से 10,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी.बी. उदयपुर को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुई कि परिवादी के गांव खाम की मादड़ी स्थित निर्माणाधीन मकान पर घरेलू विद्युत कनेक्शन करने की एवज में सागर मीणा, जेईएन, एवीवीएनएल ऑफिस देबारी, उदयपुर द्वारा रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। परिवादी ने कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर में शिकायत प्रस्तुत की कि उसके निर्माणाधीन मकान पर घरेलू विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता होने पर उसने ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया था।



## आबकारी आयुक्त के निर्देशन में अवैध मदिरा पर कार्रवाई

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में निकाय चुनाव आदर्श आचार संहिता के तहत अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी निरोधात्मक गतिविधियों के तहत नाकाबंदी, गश्त, दबिश की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए हजारों लीटर वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। भीलवाड़ा में आबकारी दल द्वारा आरपीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई में 74 पव्वे रॉयल चेलेंज व्हीस्की के बरामद कर अभियोग दर्ज किया। डीग में दबिश कार्रवाई के तहत 5 हजार लीटर वॉश नष्ट किया गया साथ ही एक मोटरसाईकल से 207 लीटर अवैध मदिरा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में दबिश की कार्वाई में एक हजार लीटर वॉश सहित 4 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई।

## डॉ. सूरज सिंह नेगी होंगे हिन्दी सृजन सम्मान से सम्मानित

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

टोंक। टोंक जिले में एसडीएम और एडीएम जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके तथा टोंक में साहित्यिक गतिविधियों को सक्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं उपन्यासकार डॉ. सूरज सिंह नेगी को वर्ष 2026 के डॉ. नंदलाल महर्षि स्मृति हिन्दी सृजन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ की ओर से यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। 27 सितंबर को श्रीडूंगरगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. नेगी को 11 हजार रुपए की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. सूरज सिंह नेगी की अब तक छह उपन्यास, एक कहानी संग्रह और एक संस्मरण प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अलावा वे 19 पुस्तकों का संपादन कर चुके हैं, जबकि उनका एक कहानी संग्रह और एक नाटक प्रकाशाधीन है। उल्लेखनीय है कि राष्टभाषा प्रचार समिति द्वारा राष्ट्रीय सृजन पुरस्कारों की घोषणा की गई।

## राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 : मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शासन सचिवालय में हुईं खेल गतिविधियां

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। कार्मिक विभाग, शासन सचिवालय की ओर से 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शासन सचिवालय, जयपुर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजन में विजेता रहीं टीमें आयोजन के दौरान रस्साकशी पुरुष वर्ग में टीम 'गौरव सैनानी' तथा महिला वर्ग में टीम 'कस्तूरबा गांधी' विजेता रही। रूमाल झपट्टा प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में टीम 'सुखदेव' एवं महिला वर्ग में टीम 'विजय लक्ष्मी' विजेता घोषित हुईं। वहीं नींबू दौड़ में पुरुष वर्ग में टीम 'तात्या टोपे' एवं महिला वर्ग में टीम 'रानी लक्ष्मीबाई' ने विजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट एवं अल्पाहार वितरित किया गया। सभी टीमों के अच्छे प्रदर्शन पर कार्मिक विभाग, शासन सचिवालय के वरिष्ठ खेल अधिकारी तथा कार्मिक (क-5/खेल प्रकोष्ठ) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समस्त खिलाड़ियों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खेल गतिविधियों के दौरान शासन सचिवालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा खेल भावना के साथ अपनी टीमों के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।



# विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का किया दौरा, सुनीं आमजन की समस्याएं

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

भरतपुर। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने सोमवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना और आमजन की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए। विधायक डॉ. गर्ग ने जघीना, फुलवारा, महचौली, विजय नगर, रंजीत नगर सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों के सुख-दुख में भागीदारी निभाई तथा लोगों की विभिन्न समस्याओं को जानकर समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने रंजीत नगर के शहनाई मैरिज होम में जगदीश प्रसाद खण्डेलवाल द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत कर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसी प्रकार मुरवारा के राजकीय उच्च मा. विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए अध्यापक भीम सिंह एवं नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए आचार्य महेश नाथ रसलीन का अभिनन्दन कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। विधायक डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान रंजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुनकर समस्याओं का निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। दौरे के दौरान विधायक ने आमजन से सीधे संवाद करते हुए स्थानीय स्तर पर सामने आ रही समस्याओं की जानकारी ली। लोगों ने सड़क, साफ-सफाई, जलभराव, पेयजल, बिजली तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में विकास कार्यों से जुड़ी आवश्यकताओं से भी विधायक को अवगत कराया। डॉ. गर्ग ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की ओर से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया जाए तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे और अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखीं।



## जयपुर नगर निगम की सतर्कता टीम की कार्रवाई, अस्थाई अतिक्रमण हटाया

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में डीसीएम अजमेर रोड़, कमला नेहरू नगर पुलिया के पास, उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 1 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। बालाजी विहार नियर केसर चैराहा के पास से अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया।

## राहुल गाँधी पर FIR भाजपा के घमंड और दमनकारी मानसिकता का प्रतीक : टीकाराम जूली



**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाए जाने पर इसकी निंदा की है तथा इसे भाजपा के सत्ता के अहंकार और दमनकारी मानसिकता का परिचायक बताया है। जूली ने कहा है कि हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के बाद सभास्थल का भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा शुद्धीकरण किया जाना सामाजिक समानता और मानवीय गरिमा पर गंभीर प्रहार था और जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने इस अपमान के खिलाफ आवाज़ उठाई, तो उल्टा उन्हीं पर एफआईआर दर्ज कर दी गई जो यह बताता है कि दलितों की आवाज़ उठाने वालों को परेशान करने का प्रयास किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अपमान की शिकायत को अनसुना करना और न्याय माँगने वालों पर मुकदमे दर्ज करवाना सत्ता के अहंकार और दमनकारी मानसिकता का परिचायक है। यह भाजपा के घमंड और तानाशाही की पराकाष्ठा है। आखिर सरकार भेदभाव रोकना चाहती है या उसके खिलाफ उठने वाली आवाज़ को दबाना? भाजपा -आरएसएस पर निशाना साधते हुए जूली ने कहा कि वे हमेशा चाहते हैं कि दलितों के साथ छुआछूत और भेदभाव होता रहे और जो इसके खिलाफ बोले, उसे प्रताड़ित किया जाए। देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और कमजोर वर्गों का सम्मान किसी सरकार की मेहरबानी नहीं, उनका संवैधानिक अधिकार है तथा इस अधिकार पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। जूली ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी दमन की इस नीति से डरने वाली नहीं है और देश के संवैधानिक अधिकारों व सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज़ बुलंद रखेगी। जूली ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी दमन की इस नीति से डरने वाली नहीं है और देश के संवैधानिक अधिकारों व सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज़ बुलंद रखेगी।

## राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर भवन के संरचनात्मक पुनर्वास कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करें : वी. श्रीनिवास

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को शासन सचिवालय में राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर भवन के संरचनात्मक पुनर्वास एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से समयबद्ध रूप से पूरा करने तथा उच्च न्यायालय के निर्देशों की बिंदुवार अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी सुनवाई के दृष्टिगत सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ तथ्यात्मक एवं अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार रखने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि भवन की संरचनात्मक सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने आईआईटी, बॉम्बे की विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर उसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन के निर्माण पर हुए व्यय तथा निर्माण के दौरान रही कमियों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि पूरे प्रकरण में जवाबदेही तय की जाए और जहां आवश्यक हो, अनुशासनात्मक कार्रवाई को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को उत्तरदायित्व निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रीनिवास ने तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा अब तक किए गए परीक्षणों एवं उनके निष्कर्षों की जानकारी लेते हुए लंबित तकनीकी रिपोर्टों को शीघ्र प्राप्त कर उन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में 17 अगस्त को दिए गए निर्देशों की अनुपालना एवं एक्शन टेकन रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इस संबंध में यह तीसरी समीक्षा बैठक थी। अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता ने बताया कि उच्च एवं मध्यम संवेदनशील क्षेत्रों में 27.41 करोड़ रुपये की लागत से प्रथम चरण के संरचनात्मक पुनर्वास कार्य आईआईटी बॉम्बे द्वारा अनुमोदित तकनीकी पद्धति के अनुसार किए जा रहे हैं। प्रथम तल के 24 में से 17 कोर्ट रूम का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही रूफ वाटरप्रूफिंग, सेंट्रल डोम सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा एवं पुनर्वास कार्य प्रगति पर हैं। आईआईटी, बॉम्बे की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## नगर पालिका बर्डोद में नाम निर्देशन के अंतिम दिन उमड़ी जबरदस्त भीड़, 129 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बर्डोद। नगर पालिका बर्डोद के आगामी चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया के अंतिम दिन आज 31 अगस्त को अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों की जबरदस्त भीड़ रही। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के पहुंचने के बावजूद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की गई माकूल एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

आज नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी सुश्री नेहा राठी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री अजीत यादव द्वारा प्राप्त किए गए। अंतिम दिन 118 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 129 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए गए। रिटर्निंग अधिकारी सुश्री नेहा राठी ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नाम निर्देशन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, जिसके चलते बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों की उपस्थिति के बावजूद सभी नाम निर्देशन पत्र व्यवस्थित रूप से प्राप्त किए गए।



# गौरव खन्ना का 'खतरों के खिलाड़ी 15' में धांसू कमबैक? एल्बो इंजरी के चलते हुए थे बाहर

रोहित शेट्टी के शो में पुराने कंटेस्टेंट की वापसी हो सकती है। ऐसा लगता है कि टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना को स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में दूसरा मौका मिला है। शो के एक नए प्रोमो से गौरव की वापसी का संकेत मिला है। आने वाले एपिसोड की झलक में एक्टर को शो में दोबारा एंट्री करते और ऊंचाई वाला स्टंट करते हुए देखा जा सकता है, जिससे पता चलता है कि शो में उनका सफर शायद अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले एलिमिनेशन टास्क के दौरान, बदकिस्मती से वे घायल हो गए थे और उन्हें टास्क बीच में ही छोड़ना पड़ा था। 'खतरों के खिलाड़ी 15' के एलिमिनेशन स्टंट में कंटेस्टेंट्स को एक संकरे पुल से घूमते हुए पुल पर कूदना था और साथ ही अलग-अलग रंगों के झंडे इकट्ठा करके उन्हें सही जगह पर लगाना था। चूंकि दोनों पुल पानी के काफी ऊपर लटके हुए थे, इसलिए बैलेंस बनाए रखने की वजह से यह टास्क काफी मुश्किल हो गया था। गौरव ने टास्क की अच्छी शुरुआत की, लेकिन एक पल के लिए उनका बैलेंस बिगड़ा और वे पानी में गिर गए। टास्क के दौरान उनके कंधे में चोट लग गई और आखिरकार वे शगुन और रुबीना से हार गए। मेकर्स ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें गौरव खन्ना का कमबैक दिखाया गया है। हालांकि, प्रोमो में उनकी वापसी की असल वजह का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन गौरव की मौजूदगी से लगता है कि शो में उनका सफर अभी खत्म नहीं हुआ है। अब दर्शकों को यह जानने के लिए आने वाले एपिसोड का इंतजार करना होगा कि वह प्रतियोगिता में उन्होंने कैसे वापसी की है। प्रोमो में ऐसा भी लिखा था, 'गौरव ने किया डर के नए दौर में सबसे बड़ी वापसी! देखिए KhatronKeKhiladi15, 5 और 6 सितंबर, रात 9 बजे सिर्फ कलर्स और जियो हॉटस्टार पर।' इस बीच, हाल ही में पॉपुलर स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में एक्ट्रेस शगुन शर्मा का सफर खत्म हो गया। उन्हें एलिमिनेशन टास्क में अपने साथी कंटेस्टेंट हर्ष गुजराल और जैस्मीन भसीन से हार का सामना करना पड़ा। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर शगुन अपने चुलबुले स्वभाव की वजह से KKK 15 में काफी एंटरटेनिंग रहीं। हालांकि, टास्क करने में उन्हें काफी मुश्किल हुई और स्टंट्स में उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने अपने सफर के दौरान कई स्टंट्स बीच में ही छोड़ दिए थे। गौरव खन्ना की संभावित वापसी ने शो के प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर चोट के बाद उन्होंने प्रतियोगिता में किस तरह दोबारा जगह बनाई। हालांकि, सामने आए प्रोमो में इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन जिस तरह गौरव को दोबारा खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाया गया है, उससे यह साफ संकेत मिल रहा है कि निर्माताओं ने उनके लिए कहानी में नया मोड़ रखा है। गौरव की वापसी होती है तो प्रतियोगिता का समीकरण भी बदल सकता है।



## मनोरंजन समाचार

### राम कपूर बर्थडे : एक्टिंग के लिए पिता से बिगाड़े रिश्ते, अमेरिका में खर्च चलाने के लिए बेची सेकेंड हैंड गाड़ियां



मुंबई। राम कपूर आज टीवी और फिल्मों का जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने कभी पति, कभी पिता तो कभी सख्त अधिकारी जैसे कई किरदार निभाकर अपनी अलग पहचान बनाई। खासकर 'बड़े अच्छे लगते हैं' में साक्षी तंवर के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस मुकाम तक पहुंचने की उनकी कहानी उतनी आसान नहीं थी, जितनी पर्दे पर नजर आती है। एक समय ऐसा भी था, जब अपने मन का करियर चुनने की कीमत राम कपूर को परिवार की नाराजगी के रूप में चुकानी पड़ी। जिस परिवार के पास पैसों की कमी नहीं थी, उसी परिवार से अमेरिका में पढ़ाई के दौरान उन्हें आर्थिक मदद मिलनी बंद हो गई। इसके बाद राम ने खुद अपना खर्च उठाया और छोटे-मोटे काम तक किए। राम कपूर का जन्म 1 सितंबर 1973 को नई दिल्ली में हुआ था। उनके पिता अनिल कपूर विज्ञापन की दुनिया से जुड़े जाने-माने व्यक्ति थे। राम का बचपन एक ऐसे परिवार में बीता, जहां अच्छी शिक्षा और करियर को लेकर कई उम्मीदें थीं। लेकिन, राम का मन शुरू से ही एक्टिंग की तरफ था। स्कूल के दिनों में थिएटर से उनका जुड़ाव हुआ और यहीं से उन्होंने तय कर लिया कि वह अभिनय की दुनिया में करियर बनाएंगे। राम कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया था, ''जब मैंने एक्टिंग में करियर बनाने का फैसला लिया, तो मेरे पिता इस फैसले से खुश नहीं थे। वह चाहते थे कि मैं पढ़ाई पूरी करके एक सुरक्षित करियर चुनूं। मैं शुरुआत में फिल्ममेकिंग पढ़ने के इरादे से अमेरिका गया था, लेकिन एक्टिंग की दुनिया ने मेरा रास्ता बदल दिया।''

### अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने दिखाया समंदर किनारे बसा सपनों का आशियाना



बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा की खूबसूरत जोड़ी अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ शादी के बंधन में बंधने के बाद अपने नए और सपनों के आशियाने में शिफ्ट हो चुके हैं। हाल ही में दोनों ने चेन्नई स्थित अपने इस खूबसूरत घर के दरवाजे फैंस के लिए खोले हैं। यह अदिति और सिद्धार्थ का शादी के बाद एक साथ पहला घर है, साथ ही दोनों के जीवन में पहला सेल्फ ओन्ड घर भी है। आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट इंडिया ने इस आलीशान और खूबसूरत अपार्टमेंट की बेहद कई तस्वीरें साझा की हैं, जिन्हें देखकर फैंस लगातार प्यार लुटा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कपल के घर के कोने-कोने में आर्ट के प्रति प्यार साफ नजर आ रहा है। 4000 वर्ग फुट में फैला यह भव्य अपार्टमेंट मूल रूप से आर्किटेक्ट श्रुति सी रेड्डी द्वारा डिजाइन किया गया था। बाद में इंटीरियर डिजाइनर पवित्रा राजाराम ने इसे अदिति और सिद्धार्थ की पसंद के अनुसार एक नया और पर्सनालाइज्ड टच दिया है। इमारत के 18वें माले पर स्थित इस घर में बड़ी-बड़ी खिड़कियां और चारों तरफ फैली बालकनियां हैं। यहां से चेन्नई शहर का स्काईलाइन और विशाल समंदर का क्रैजी करने वाला दृश्य साफ नजर आता है। घर की बनावट कुछ इस तरह रखी गई है कि पूरा अपार्टमेंट एक-दूसरे से जुड़ा हुआ और खुला-खुला महसूस होता है। अभिनेता सिद्धार्थ ने इस ओपन लेआउट को घर का अपना सबसे पसंदीदा हिस्सा बताया है। घर का लिविंग रूम दिन भर सूरज की प्राकृतिक रोशनी से सराबोर रहता है, जिसके लिए इसमें बड़ी-बड़ी फ्रेंच खिड़कियां लगाई गई हैं और उन पर सुंदर लिनेन के पर्दे सजाए गए हैं। इस घर को साधारण मिनिमलिस्ट लुक देने के बजाय, दोनों ने रंगों और पैटर्न का बेजोड़ मेल चुना है। इसके अलावा सिल्क जामदानी कुशन और हाथ से बुना गया मनचाहा कालीन इस पूरे स्पेस को एक शाही और आरामदायक एहसास देता है।

### 'न शक्ल जानता हूं, न काम', रणबीर कपूर और रणवीर सिंह को लेकर अन्नू कपूर का अटपटा बयान



बॉलीवुड में दर्शकों से अपनी अदाकारी का लोहा मनवाने वाले वरिष्ठ अभिनेता अन्नू कपूर अक्सर अपने बेबाक बयानों और स्पष्टवादी रवैये के लिए जाने जाते हैं। अपनी एक्टिंग के साथ-साथ कई मुद्दों पर खुलकर बोलने वाले अन्नू कपूर ने हाल ही में समकालीन बॉलीवुड और आज के दौर के लोकप्रिय सितारों पर एक बयान दिया है, जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। उन्होंने साफ तौर पर स्वीकार किया है कि वह आज की पीढ़ी के प्रमुख अभिनेताओं, जैसे रणबीर कपूर, रणवीर सिंह और सिद्धार्थ मल्होत्रा के काम से बिल्कुल भी वाकिफ नहीं हैं और न ही उनके अभिनय को कभी गंभीरता से देखा है।

# 'भोजपुरी बवाल' से लेकर 'ईठा' तक, अक्षरा सिंह ने खोले कई राज, तेज प्रताप यादव को बताया 'क्यूट'

भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपना जन्मदिन गरीब और जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया। पटना में बच्चों के बीच वक्त बिताने के बाद अक्षरा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उनके लिए यह जन्मदिन बेहद खास रहा। उन्होंने भोजपुरी शो 'भोजपुरी बवाल', खेसारी लाल यादव, तेज प्रताप यादव और अपनी आने वाली फिल्म 'ईठा' को लेकर भी खुलकर बात की। अक्षरा सिंह ने कहा, ''मैं अपने एक शो के लिए दिल्ली जा रही हूं, लेकिन पटना में मनाया गया मेरा जन्मदिन मुझे लंबे समय तक याद रहेगा। इस खास दिन पर मैंने अलग-अलग एनजीओ से जुड़े बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ बातें कीं। इन बच्चों से मिलकर मुझे असल जिंदगी को करीब से समझने का मौका मिला। हर छोटी-छोटी खुशियों को कैसे सेलिब्रेट किया जाता है, ये मैंने उनसे ही सीखा।'' अक्षरा से जब 'भोजपुरी बवाल' को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अपने बिजी शेड्यूल की वजह से वह अभी यह शो नहीं देख पा रही हैं। उन्होंने शो से जुड़े कलाकारों की तारीफ करते हुए कहा, ''सभी लोग अच्छे-अच्छे शो में जा रहे हैं और अपने नाम और मुकाम को बड़ा कर रहे हैं, जो अच्छी बात है। मेरा फोकस फिलहाल अपने काम पर है।'' तेज प्रताप यादव के एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने को लेकर भी अक्षरा सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ''मेरे एक करीबी दोस्त ने मुझे तेज प्रताप का वीडियो भेजा था। वीडियो में मुझे वह काफी 'क्यूट' लगे। मेरी मां (नीलिमा सिंह) ने भी मुझे तेज प्रताप के बारे में बताया था कि वह शो में सबसे अच्छे इंसान हैं। उनकी एक अलग इमेज सामने आ रही है और वह बेहद दयालु हैं।'' अक्षरा ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट की भी बात की। उन्होंने बताया कि वह हिंदी फिल्म 'ईठा' का हिस्सा हैं, जिसमें श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। यह मेरे लिए बड़ा मौका है।'' अक्षरा ने आगे कहा, ''मैं बिहार का नाम और बड़ा करने के लिए काफी मेहनत कर रही हूं और भगवान की दुआ से मेरे पास लगातार काम है। इस फिल्म के जरिए मेरा काम भोजपुरी इंडस्ट्री से आगे हिंदी सिनेमा के बड़े सेट तक पहुंचेगा।'' अक्षरा सिंह ने कहा कि बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने का अनुभव उनके लिए किसी भी भव्य आयोजन से ज्यादा खास रहा। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच समय बिताने से उन्हें जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का महत्व समझने का अवसर मिला। अभिनेत्री के अनुसार, जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखना उनके जन्मदिन की सबसे बड़ी खुशी रही। अपने काम को लेकर अक्षरा ने कहा कि वह लगातार अलग-अलग परियोजनाओं में व्यस्त हैं और आने वाले समय में दर्शकों को उनके कई नए रूप देखने को मिल सकते हैं। भोजपुरी सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के बाद अब हिंदी सिनेमा की ओर बढ़ना उनके लिए एक नई चुनौती के साथ बड़ा अवसर भी है। उन्होंने कहा कि नए क्षेत्र में काम करते हुए वह अपनी भाषा और संस्कृति को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहती हैं। अक्षरा ने यह भी कहा कि कलाकार के लिए लगातार सीखते रहना बेहद जरूरी है। अलग-अलग तरह के किरदार और बड़े स्तर की प्रस्तुतियों में काम करने से अभिनय को नया अनुभव मिलता है। हिंदी सिनेमा में काम करने को लेकर वह उत्साहित हैं और इसे अपने अब तक के सफर में महत्वपूर्ण पड़ाव मानती हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, उसमें दर्शकों के प्यार और समर्थन की बड़ी भूमिका रही है। उन्हें उम्मीद जताई कि आने वाले प्रोजेक्ट्स में भी दर्शक उन्हें उसी तरह पसंद करेंगे और उनका समर्थन बनाए रखेंगे। अक्षरा के मुताबिक, उनका लक्ष्य केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल करना नहीं, बल्कि अपने काम के जरिए बिहार और भोजपुरी कला जगत को भी बड़े मंच तक पहुंचाना है। क्षेत्रीय सिनेमा से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की उनकी कोशिश आने वाले समय में उनके करियर को नई दिशा दे सकती है। अक्षरा सिंह ने कहा कि मनोरंजन जगत में काम करते हुए उन्हें लगातार अलग-अलग तरह के अनुभव मिल रहे हैं। उनके लिए हर नया प्रोजेक्ट खुद को एक कलाकार के रूप में और बेहतर करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि दर्शकों का प्यार ही उन्हें नई चुनौतियों को स्वीकार करने और लगातार आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



## 'शेयर न करें, तुरंत रिपोर्ट करें', डीपफेक का शिकार हुईं शालिनी पांडे, फर्जी AI वीडियो पर फूटा गुस्सा



बॉलीवुड में अपनी अदाकारी का जादू चला चुकीं अभिनेत्री शालिनी पांडे इंटरनेट पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते दुरुपयोग का शिकार हो गई हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर उनका एक फर्जी AI-जनरेटेड डीपफेक वीडियो तेजी से वायरल होने लगा, जिसके बाद अभिनेत्री को सामने आकर अपनी बात रखनी पड़ी। शालिनी ने स्पष्ट किया कि वायरल हो रहा वीडियो पूरी तरह से नकली है और इसका उनसे कोई संबंध नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से इस तरह की भ्रामक और आपत्तिजनक सामग्री को आगे न बढ़ाने की सख्त अपील की है। शालिनी पांडे ने सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक बयान जारी कर इस फर्जी वीडियो की सच्चाई दुनिया के सामने रखी। एआई के गलत इस्तेमाल पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने लिखा कि वह अपने नाम से फैलाए जा रहे फर्जी AI वीडियो पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं। यह वीडियो पूरी तरह से मनगढ़ंत है और इसमें वह बिल्कुल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति, खासकर महिलाओं को निशाना बनाने और नुकसान पहुंचाने के लिए तकनीक का इस तरह का दुरुपयोग देखना बेहद दुखद और परेशान करने वाला है। अपने बयान में अभिनेत्री ने इस तरह के कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा की।

## रश्मिका से शादी से पहले टूटा था दिल, विजय देवरकोंडा का बड़ा खुलासा, बोले- 'सब कुछ झेलकर छोड़ी शराब'



साउथ सिनेमा के चर्चित अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के भाई प्रणय रेड्डी वांगा के नए प्रोडक्शन 'रोमांचकम' के प्रमोशनल इवेंट में पहुंचे विजय ने अपनी जिंदगी के कई अनदेखे पन्नों को खोला। उन्होंने रश्मिका मंदाना से शादी, दिल टूटने के अनुभव और शराब छोड़ने के अपने फैसले पर खुलकर बात की। कार्यक्रम के दौरान जब शो के होस्ट ने विजय से साल 2026 के उनके सबसे रोमांचक ('रोमांचकम') अनुभव के बारे में पूछा, तो उन्होंने केवल इस साल या अपनी शादी तक बात सीमित रखने के बजाय अपने पूरे जीवन के सफर को बयां किया। फैंस की भारी नारेबाजी के बीच विजय ने कहा, 'मेरा जन्म 1989 में हुआ था और तब से लेकर हर साल मेरी जिंदगी रोमांचक रही है। जब मैं पैसे हों या न हों, मैंने अलग-अलग तरह की शराब पी है, लेकिन अब मैंने शराब पीना पूरी तरह छोड़ दिया है।' अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए विजय देवरकोंडा ने अपनी पिछली जिंदगी के कड़वे अनुभवों पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया, 'मुझे प्यार हुआ, फिर मेरा दिल टूटा और आखिरकार मैंने शादी कर ली। हालात चाहे जो भी रहे हों, जीवन हमेशा रोमांच से भरा रहा।' विजय की इन बातों को सुनकर मंच पर मौजूद संदीप रेड्डी वांगा अपनी हंसी नहीं रोक पाए और उन्होंने तालियां बजाकर अभिनेता का समर्थन किया। कार्यक्रम के दौरान जब फैंस ने अपनी 'वदीनम्मा' (भाभी) रश्मिका मंदाना का हाल पूछा तो विजय ने मुस्कुराते हुए बताया कि कूल्हे की चोट से उबर रहीं रश्मिका अब ठीक हैं। उन्होंने कहा, 'आपकी भाभी अब बेहतर हैं। वह चोटिल हो गई थीं, लेकिन अब घर पर आराम कर रही हैं और रिकवर कर रही हैं।' विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की जोड़ी को दर्शकों ने पहली बार साल 2018 में आई फिल्म 'गीता गोविंदम' और 2019 में रिलीज हुई 'डियर कॉमरेड' में देखा था। साल 2020 में दोनों के बीच अफेयर की खबरें तब सुर्खियां बनने लगीं, जब फैंस ने रश्मिका की तस्वीरों में विजय के घर की झलकियां देखीं। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद इस जोड़े ने अक्टूबर 2025 में अपनों की मौजूदगी में सगाई की थी। हालांकि सगाई की अंगूठी में देखे जाने के बाद भी दोनों ने इस पर चुप्पी साधे रखी। वह जल्द ही रवींद्र पुल्ले की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'मायसा' में नजर आएंगी।

## सार समाचार

### इजरायली PM नेतन्याहू के बेटे की जान को खतरा! अमेरिका से कराया गया इवैक्यूएट



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बड़े बेटे यायर नेतन्याहू को सुरक्षा खतरे के चलते अमेरिका से तत्काल बाहर निकाला गया है। इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' ने रविवार को इसकी पुष्टि की। एजेंसी के मुताबिक, यायर नेतन्याहू के खिलाफ एक "गंभीर खतरा" सामने आया था, जिसके बाद उन्हें अमेरिका से सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। शिन बेट ने अपने संक्षिप्त बयान में खतरे की प्रकृति या उससे जुड़ी अन्य जानकारी शेयर नहीं की। हालांकि, पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इजरायली टीवी चैनल से बातचीत में दावा किया था कि ईरान ने उनके एक बेटे की हत्या की कोशिश की थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। 24 अगस्त को इजरायली चैनल 14 को दिए फोन इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा था कि ईरान ने उनके एक बेटे को निशाना बनाया और उसे जान से मारने की कोशिश की। नेतन्याहू ने कहा, "कुछ अविश्वसनीय हुआ। ईरान ने मेरे एक बेटे को निशाना बनाया। ईरान ने मेरे एक बेटे को मारने की कोशिश की।" नेतन्याहू के इस बयान के सार्वजनिक होने के कुछ ही समय बाद इजरायल के प्रमुख पत्रकार अमित सेगल ने अपने टेलीग्राम चैनल पर दावा किया था कि कथित हत्या की कोशिश के बारे में इजरायली अधिकारियों को कई महीनों से जानकारी थी, लेकिन इस मामले में गाग ऑर्डर (जानकारी सार्वजनिक करने पर प्रतिबंध) लागू था। नेतन्याहू के दो बेटे- यायर नेतन्याहू और अवनेर नेतन्याहू हैं। 35 वर्षीय यायर नेतन्याहू वर्ष 2023 में अमेरिका के मियामी चले गए थे।

### निकोलस मादुरो की डिटेंशन सेंटर से पहली तस्वीर आई सामने, हिरासत में लिए जाने के बाद दिया खास संदेश



वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने जनवरी में पकड़े जाने के बाद से अमेरिकी हिरासत में अपनी पहली तस्वीरें शेयर की हैं। मदुरो ने रविवार, 30 अगस्त को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर दो तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वे ग्रे रंग का ट्रैकसूट और सफेद स्नीकर्स पहने हुए, मुस्कुराते हुए और हाथों से जीत का इशारा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि ये तस्वीरें न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के अंदर ली गई हैं, जहां वे हिरासत में हैं। हालांकि, ये तस्वीरें हाल की नहीं हैं। तस्वीरों पर एक टाइमस्टैम्प है जिससे पता चलता है कि ये 25 जून, 2026 को ली गई थीं, जबकि इन्हें सार्वजनिक रूप से 30 अगस्त को ही जारी किया गया था। निकोलस मादुरो ने तस्वीरों के साथ अपने पोते-पोतियों, बच्चों और समर्थकों के नाम एक संदेश भी भेजा।

### विनाशकारी बाढ़ के बाद चीन ने नेपाल को भेजी आर्थिक मदद, कितनी रकम दी? हो गया खुलासा



नेपाल में महातबाही के बाद छठे दिन भी सेना और पुलिस का सर्च एंड रेस्क्यू मिशन जारी है। विनाशकारी बाढ़ से अब तक मरने वालों का संख्या 900 के पार चली गई है। वहीं, 4000 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। जानकारी के अनुसार, अब तक साढ़े 9 हजार से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। मलबे से निकल रहे शवों की पहचान मुश्किल हो चुकी है। शव इतने खराब हो चुके हैं कि उनका DNA सैंपल लेकर तुरंत दफन किया जा रहा है। नेपाल में आई इस आपदा के बाद चीन ने मदद के हाथ आगे बढ़ाए हैं। सामने आई जानकारी के मुताबिक, चीन ने नेपाल को आपदा के इस प्रभाव से निपटने के लिए आर्थिक मदद सौंपी है। सामने आई जानकारी के अनुसार, चीन ने नेपाल में आई बाढ़ के पीड़ितों के लिए 22 लाख अमेरिकी डॉलर की आर्थिक सहायता दी है। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली क्विंग ने इस प्रकृतिक आपदा में हुए जान-माल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया है। नेपाल सरकार ने सोमवार को चीन से मिली इस मदद के बारे में जानकारी दी है। आपको बता दें कि इस आपदा के कारण तिब्बत में भी 16 लोगों की मौत हुई है और 550 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार,चीन के राजदूत झांग माओमिंग ने नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले को चीनी सरकार की ओर से 35 करोड़ नेपाली रुपये (20 लाख अमेरिकी डॉलर) की सहायता का चेक सौंपा है। इसके अलावा चीनी राजदूत ने चीनी रेड क्रॉस की ओर से भी दो लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता नेपाल को दी है।

## ईरान युद्ध के बाद पहली बार मिले PM मोदी और मसूद पेजेश्कियान, बिश्केक में हुई मुलाकात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी SCO समिट के लिए किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक गए हुए हैं। यहां उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से मुलाकात की है। फरवरी में ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों नेताओं के बीच किन मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों की ओर से इस मुलाकात को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फरवरी से ही प्रधानमंत्री मोदी ईरानी नेतृत्व के संपर्क में हैं। उन्होंने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने मध्य पूर्व में स्थिरता बनाए रखने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित होने से बचाने की जरूरत पर भी जोर दिया है। 30 जून को ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान भी पीएम मोदी ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेजेश्कियान को धन्यवाद भी दिया था। पीएम मोदी और पेजेश्कियान की मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही घंटे पहले अमेरिका और ईरान के बीच करीब एक महीने बाद पहली बार फिर से सैन्य कार्रवाई हुई। अमेरिका ने लारक द्वीप पर ईरानी सैन्य रॉकेट लॉन्चरों को निशाना बनाया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई इसलिए जरूरी थी, ताकि ईरान को हार्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगें बिछाने से रोका जा सके। इसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने हॉर्मुज के ऊपर अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का भी दावा किया। इसके बाद ईरानी नेतृत्व ने संघर्ष बढ़ने के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया।

## मिडिल ईस्ट में फिर शुरू हुई जंग! UAE ने अपने जलक्षेत्र में ईरानी ड्रोन को निष्क्रिय किया



दुबई। मिडिल ईस्ट में एक बार फिर जंग के हालात पैदा हो गए हैं। जहां अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर टकराव शुरू हो गया है वहीं संयुक्त अरब अमीरात (UAE) की वायुसेना ने सोमवार को अपने जलक्षेत्र के ऊपर एक ईरानी ड्रोन को रोक दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह घटना ऐसे समय हुई है जब एक महीने में पहली बार इस वीकेंड में अमेरिका और ईरान के बीच फिर से गोलीबारी हुई। अमेरिकी सेना ने रविवार को स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में लारक द्वीप पर ईरान के रॉकेट लॉन्चरों पर हमला किया। रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ईरान की ओर से संयुक्त अरब अमीरात के जलक्षेत्र की तरफ आते हुए एक ईरानी ड्रोन का पता चला, जिसे ''निष्क्रिय कर दिया गया''। ईरान की ओर से तत्काल इस घटना की जिम्मेदारी लेने का कोई दावा नहीं किया गया और न ही किसी तरह के नुकसान की खबर है। बाद में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के रक्षा मंत्रालय ने दूसरा बयान जारी कर उन खबरों का खंडन किया, जिनमें ईरानी मीडिया संस्थानों ने दावा किया था कि दुबई के अल मेनहद एयर बेस को ईरानी मिसाइलों ने निशाना बनाया था।

यह घटना ऐसे समय हुई जब अमेरिकी सेना ने रविवार को ईरान के एक द्वीप पर मौजूद रॉकेट लॉन्चरों पर हमला किया। इससे 6 महीने से ज्यादा समय से चल रहे युद्ध में जारी संघर्षविराम जैसी स्थिति खत्म हो गई और फिर से लड़ाई शुरू हो गई। इस हमले के जवाब में ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। लेकिन इन मिसाइलों को रास्ते में ही निष्क्रिय कर दिया गया।

## नेपाल-चीन सीमा पर आई बाढ़ पर UN ने दी चेतावनी, कहा- 'हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र पर बड़ा खतरा'



तिब्बत और नेपाल में आए बाढ़ ने बड़े स्तर पर तबाही मचाई है। इस त्रासदी में हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, हजारों लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। 26 अगस्त को जब तिब्बत की तरफ से तबाही का सैलाब आया तो नेपाल के रसुवा, नुवाकोट, त्रिशूली और देवीघाट इलाकों में लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। ऐसा विध्वंसकारी मंजर नेपाल ने कभी नहीं देखा था।

अब इस पूरी त्रासदी पर संयुक्त राष्ट्र यानी UN का बयान भी सामने आ गया है।

UN के जलवायु प्रमुख ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने कहा है कि नेपाल-चीन सीमा के पास ग्लेशियर के ढहने और अचानक बाढ़ आने की त्रासदी ने इस बात की याद दिला दी है कि पर्वतीय पर्यावरण खासकर हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र में कितना ज्यादा नाजुक हो सकता है। साइमन स्टील ने कहा कि स्थानीय समुदाय के लोग और वैज्ञानिक बीते कई सालों से चेतावनी देते आ रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र को बड़ा खतरा है। तिब्बत-नेपाल में आई बाढ़ को लेकर साइमन स्टील ने रविवार को कहा- "हमें ये बात भी पता है कि भारी मात्रा में कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल से गर्मी पैदा हो रही है। इसके कारण जलवायु भी गर्म हो रही है और ऐसी आपदाएं और दुनियाभर में ऐसी घटनाओं की आशंका बढ़ती जा रही है।

इन घटनाओं के कारण सबसे ज्यादा प्रभाव संवेदनशील समुदाय पर पड़ता है।" साइमन स्टील ने दुनिया के जीवाश्म ईंधनों से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेज बदलाव और जलवायु संबंधी लचीलेपन में अधिक निवेश पर जोर दिया है। आपको बता दें कि नेपाल में आई तबाही से प्रभावित लोगों की मदद के लिए इंडिया टीवी ने हेल्पलाइन ई-मेल जारी किया है। इसमें लोग अपने मिसिंग परिजनों की तस्वीरें शेयर कर सकते हैं।

## अमेरिका-ईरान आमने-सामने! मुज्तबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से मांगा साथ

ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुज्तबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से एकजुट होकर अमेरिका और इजरायल का मुकाबला करने की अपील की है। उन्होंने मुस्लिम देशों के नेताओं से कहा कि वे "अपने असली दुश्मन को पहचानें, उसकी योजनाओं को समझें और उसका मुकाबला करें।" ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी IRNA के मुताबिक, खामेनेई ने तेहरान में आयोजित एक धार्मिक सम्मेलन में शामिल नेताओं को भेजे पत्र में अमेरिका और इजरायल को सभी इस्लामी देशों का दुश्मन बताया। गौरतलब है कि करीब छह महीने पहले अमेरिका और इजरायल के हमले में उनके पिता और ईरान के कई वरिष्ठ नेता मारे गए थे। इसके बाद से मुज्तबा खामेनेई सार्वजनिक रूप से बेहद कम नजर आए हैं। मुज्तबा खामेनेई ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है, जब ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच तनाव का असर पूरे पश्चिम एशिया पर दिखाई दे रहा है। ईरान की ओर से पड़ोसी खाड़ी अरब देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सीमित किए जाने के बाद क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने रविवार को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान के रॉकेट लॉन्चरों को निशाना बनाया। यह करीब एक महीने बाद ईरान के खिलाफ अमेरिकी सेना की पहली घोषित सैन्य कार्रवाई है। अमेरिका ने इन हमलों को "सीमित और सटीक कार्रवाई" बताते हुए कहा कि उसका निशाना ईरानी माइन बिछाने वाली सैन्य इकाइयां थीं।

## चेतावनी मिली थी, लेकिन तबाही का अंदाजा नहीं था; नेपाल बाढ़ पीड़ितों का छलका दर्द



त्रिशूली। नेपाल में आई भयानक बाढ़ के बाद चारों तरफ मलबा और तबाही का मंजर है। मलबे के बीच कुछ घर अभी भी खड़े हैं। प्रभावित इलाकों के लोगों ने सोमवार को बताया कि उन्हें बाढ़ आने की चेतावनी तो मिली थी, लेकिन उन्हें अंदाजा नहीं था कि पानी का स्तर इतना खतरनाक हो जाएगा। लोगों ने आईएएनएस से बात करते हुए तबाही को अकल्पनीय बताया और कहा कि इस आपदा में उन्होंने अपने घर, दुकानें, कारोबार और सारा सामान खो दिया। एक निवासी ने कहा, "मैंने अपनी जिंदगी के 40 साल यहीं बिताए हैं। बाढ़ आने से पहले हमें जानकारी मिली थी। सरकार की तरफ से हमारे मोबाइल फोन पर मैसेज भेजा गया था और हमें चीन से भी कुछ मैसेज मिले थे। ऊपर की तरफ रहने वाले हमारे दोस्तों ने भी हमें फोन किया था, लेकिन हमें लगा कि हमारा घर नदी से काफी दूर है और पानी यहां तक नहीं पहुंचेगा। हमने कभी नहीं सोचा था कि इतना सारा पानी आएगा और पूरे बाजार को बहा ले जाएगा।" एक अन्य स्थानीय निवासी ने कहा, "यहां चार-पांच गोदाम थे। मेरी किराने की दुकान थी। हमें आधा घंटा पहले जानकारी मिली थी, लेकिन हमने उसे गंभीरता से नहीं लिया क्योंकि हमें लगा कि पानी इतना ऊपर नहीं चढ़ेगा। जब पानी त्रिशूली पुल तक पहुंचा, तो हम भागने लगे। नुकसान बहुत बड़ा है करीब 1 से 1.5 करोड़ रुपए का। मेरी पत्नी, तीन बच्चे और मैं वहां थे।" आलू, प्याज और अनाज का कारोबार करने वाले व्यक्ति ने बताया कि बाढ़ का पानी इलाके तक पहुंचने से कुछ ही मिनट पहले उन्हें चेतावनी मिली थी। उन्होंने कहा, "हम बाहर से आए थे और ठीक पांच मिनट पहले ही खबर मिली कि सब लोग भाग रहे हैं और बाढ़ आ रही है। हमारी सारी संपत्ति चली गई। हमारे परिवार में छह सदस्य थे और शुक्र है कि हम सब सुरक्षित हैं।" कारोबारी ने कहा, "हमने सब कुछ खो दिया है। मैं 5 रुपए भी नहीं निकाल पाया। कपड़े, गहने, पैसे, सब कुछ चला गया। दुकान में 20 से 25 टन सामान था। हमारी बोरी (गनी बैग) की दुकान और तीन शटर वाला वर्क एरिया भी था। सब कुछ बह गया। हम कमरे से एक भी चीज नहीं निकाल पाए। मैंने चार दिन पहले ही काठमांडू से अपने बच्चे के लिए दवा मंगवाई थी और उसका भी कोई पता नहीं है। सब कुछ पानी में डूब गया।" एक और स्थानीय निवासी ने बताया कि लोगों को बाढ़ आने से 15 से 20 मिनट पहले ही इसकी जानकारी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि हमें लगभग 15 से 20 मिनट पहले खबर मिली।

## नेपाल में अबतक 903 लोगों की हुई मौत, सिक्किम में भी भूकंप के झटके

नेपाल में 26 अगस्त को आई भयानक बाढ़ के बाद अबतक मृतकों का आंकड़ा 903 तक पहुंच गया है। वहीं अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हालांकि नेपाल के बाद अब सिक्किम में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) ने बताया कि मंगलवार तड़के सिक्किम के मंगन जिले में रिक्टर स्केल पर 3.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की निगरानी करने वाली एजेंसी ने 'X' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। NCS ने बताया कि यह भूकंप भारतीय मानक समय (IST) के अनुसार रात 1:48 बजे 7 किलोमीटर की गहराई पर आया। पोस्ट में लिखा था, "भूकंप की तीव्रता: 3.9, समय: 01/09/2026 01:48:04 IST, अक्षांश: 27.638 N, देशांतर: 88.766 E, गहराई: 7 किमी, स्थान: मंगन, सिक्किम।" बता दें कि सिक्किम के मंगन जिले में ये झटके ऐसे समय में महसूस किए गए जब पड़ोसी देश नेपाल विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहा है। बाढ़ के बीच, 29 अगस्त को नेपाल में अचानक बाढ़ का अलर्ट जारी रहा। अधिकारियों ने कई जिलों में नदियों और नालों में जलस्तर बढ़ने की चेतावनी दी और नुवाकोट तथा रसुवा जिलों में "अचानक बाढ़ का उच्च जोखिम" बताया। सोमवार को नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण (NDRRMA) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, नेपाल में विनाशकारी अचानक बाढ़ से मरने वालों की संख्या 788 से बढ़कर 903 हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस आपदा में लगभग 4,247 लोग लापता हैं, जबकि अब तक 10,451 लोगों को बचाया जा चुका है।

## बाढ़ में डूबे बैंक से 50 करोड़ का सोना और डेढ़ करोड़ नकद बरामद, नेपाल में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



काठमांडू। नेपाल में आए प्रलयकारी सैलाब की तबाही के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से जारी है। इस बीच नुवाकोट के त्रिशूली स्थित कृषि विकास बैंक की शाखा से 50 करोड़ सोना और डेढ़ करोड़ कैश बरामद किए गए। भोटेकोशी नदी में आए उफान में बैंक का यह ब्रांच डूब गया था। पुलिस ने बताया कि रविवार को करीब 8 घंटे तक लगातार प्रयास करने के बाद सोना-चांदी, नकदी से निकाला गया। इस दौरान बाढ़ प्रभावित इलाके में काफी सावधानी बरती गई। नुवाकोट के त्रिशूली स्थित कृषि विकास बैंक की शाखा भोटेकोशी नदी के किनारे पर स्थित है। 26 अगस्त को आए सैलाब ने जबरदस्त तबाही मचाई। बैंक की यह शाखा भी डूब गई थी। इस बात की शंका थी कि सैलाब में बैंक से नकदी और सोना-चांदी भी बह गए होंगे। लेकिन सैलाब गुजरने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान इस बैंक में जब टीम ने खोजबीन शुरू की तो 50 करोड़ का सोना और डेढ़ करोड़ का कैश बरामद हुआ। करीब 8 घंटे की मशक्कत के बाद यह सफलता मिली। अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए कीमती सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। बैंक की शाखा भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ की चपेट में आ गई थी। बाढ़ के पानी का स्तर बढ़ने से बैंक परिसर और आसपास के इलाकों में भारी नुकसान हुआ। बैंक से इतनी बड़ी मात्रा में सोना और नकदी बरामद होने के बाद यह मामला चर्चा में है। पुलिस और प्रशासन की निगरानी में बरामद सामान को सुरक्षित रखा गया है। फिलहाल बाढ़ के कारण प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम भी जारी है। बाढ़ में कुल 267 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 156 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है।

# खेल समाचार

## एयरफोर्स चीफ एपी सिंह की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप

एयरफोर्स प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की मौजूदगी में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 की शुरुआत हुई। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप चंडीगढ़ स्थित एयरफोर्स स्टेशन के बेस रिपेयर डिपो में प्रारंभ हुई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस प्रतियोगिता में भारत के साथ-साथ विदेशों के दिग्गज स्क्वैश खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के महत्व पर जोर दिया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं होते, बल्कि विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के बीच आपसी सौहार्द, सम्मान और मित्रता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से अलग-अलग देशों के लोग एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझते हैं और आपसी संबंधों को मजबूती मिलती है। उद्घाटन समारोह के दौरान एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सेवानिवृत्त एयर मार्शल एम. बालादित्य और ब्रिटेन के कैप्टन डैन पेस्केट के साथ दोस्ताना स्क्वैश मैच भी खेला। इस दौरान खिलाड़ियों और मौजूद अधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## लियोनेल मेसी ने 39 साल की उम्र में किया संन्यास का ऐलान, इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा



फुटबॉल की दुनिया के एक सुनहरे दौर का अंत हो गया है। अर्जेंटीना के दिग्गज स्टार लियोनेल मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। अर्जेंटीना की जर्सी में दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर जादू बिखेरने वाले मेसी अब नेशनल टीम के लिए खेलते नजर नहीं आएंगे। मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना फीफा वर्ल्ड कप 2022 का खिताब जीता था। 2026 में भी टीम मेसी की कप्तानी में फाइनल खेली, लेकिन स्पेन से हारकर लगातार दूसरा खिताब जीतने से चूक गई। मेसी ने अपने भावुक विदाई संदेश में बताया कि यह फैसला लेना उनके लिए बेहद मुश्किल था। उन्होंने लिखा कि उन्होंने देश के लिए अपना सबकुछ दिया और अब उन्हें लगता है कि आगे देने के लिए उनके पास कुछ नहीं बचा है। मेसी के मुताबिक, यह निर्णय उनके दिल को गहराई तक चोट पहुंचाने वाला था, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि अब यही सही समय है। मेसी ने इंस्टाग्राम पर लिखा- फाइनल के बाद उन्होंने इस बारे में अच्छी तरह सोच-विचार करने के बाद यह तय किया है कि वह नेशनल टीम से रिटायर हो रहे हैं। यह एक ऐसा फैसला था जिसने उन्हें अंदर तक दुखाया, लेकिन उन्हें एहसास है कि अब सही समय आ गया है। उन्होंने हमेशा अपना सब कुछ दिया है, न सिर्फ हाल के सालों में जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी।

## प्रीमियर लीग: फर्नांडीस की हैट्रिक, मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इप्सविच को 5-2 से हराया



लंदन। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग मैच में इप्सविच टाउन को 5-2 से हराया। टीम की जीत के नायक ब्रूनो फर्नांडीस रहे, जिन्होंने तीन गोल किए। मैनचेस्टर यूनाइटेड इस मैच में पिछले सप्ताह हल सिटी के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार के बाद उतरी थी। इसलिए टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था। टीम के लिए हालात तब और मुश्किल हो गए, जब 24वें मिनट में लीफ डेविस ने गोल करके इप्सविच को बढ़त दिला दी। फर्नांडीस ने हाफ टाइम से पांच मिनट पहले स्कोर बराबर किया, और ब्रेक के 10 मिनट बाद हैरी मैगुइरे के हेडर से यूनाइटेड आगे हो गया। यह गोल इप्सविच के डिफेंडर जैकब ग्रीव्स से टकराकर गोल पोस्ट के अंदर गया। इसके तुरंत बाद फर्नांडीस ने पेनल्टी स्पॉट से अपना दूसरा गोल किया और 68वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की। 'सिन्हुआ' की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रायन म्बेउमो ने मैच खत्म होने से आठ मिनट पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पांचवां गोल किया, जबकि चुबा अकपोम ने स्टॉपेज टाइम में इप्सविच के लिए दूसरा गोल किया। चेल्सी ने ब्राइटन के खिलाफ घरेलू मैदान पर 4-3 से जीत के साथ सीजन की अपनी दूसरी जीत हासिल की। रोमियो लाविया और पेड्रो नेटो ने शुरुआती 15 मिनट में ही चेल्सी को 2-0 से आगे कर दिया, और जोआओ पेड्रो ने 32वें मिनट में स्कोर 3-0 कर दिया, जिसके बाद मलिक याल्कोये ने मेहमान टीम के लिए एक गोल किया। 63वें मिनट में जोआओ पेड्रो के 'ओन गोल' से स्कोर 3-2 हो गया, लेकिन 74वें मिनट में कोल पामर के गोल ने टीम की जीत पक्की कर दी। पास्कल ग्रॉस ने स्टॉपेज टाइम में ब्राइटन के लिए तीसरा गोल किया, लेकिन मेहमान टीम के लिए बराबरी करने में बहुत देर हो चुकी थी।

## ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज के लिए किया स्क्वॉड का ऐलान, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की वापसी




ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका दौरे के लिए अपनी वनडे क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में कई बड़े खिलाड़ियों की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे, लेकिन ये दोनों खिलाड़ी सिर्फ साउथ अफ्रीका सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे। बता दें कि कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 15 सितंबर से जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी और फिर 24 सितंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेलेगी। मार्नस लाबुशेन को जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे (ODI) सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया है। जून में पाकिस्तान और बांग्लादेश के दौरों पर उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा था। हालांकि आखिरी मैच में लोअर ऑर्डर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने नाबाद 55 रन बनाए थे। लेकिन अब ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श की वनडे टीम में वापसी हो गई है और चयनकर्ता युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा दिखा रहे हैं, जिसकी वजह से लाबुशेन को टीम से बाहर होना पड़ा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले साउथ अफ्रीका को एक बड़ा झटका लग चुका है। टीम की घोषणा में किसी को भी स्थायी कप्तान नहीं बनाया गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले तीन मैचों में मिचेल मार्श टीम की कमान संभालेंगे। इसके बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए पैट कमिंस और मिचेल मार्श मिलकर ये भूमिका निभाएंगे। कमिंस ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम के रेगुलर कप्तान हैं, हालांकि पिछले वनडे वर्ल्ड कप के बाद से उन्होंने अब तक सिर्फ दो वनडे मैच ही खेले हैं। कमिंस ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों वनडे मैच नहीं खेलेंगे। ऐसे में बाकी मैचों में मिचेल मार्श कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे। जब से कमिंस को टीम का कप्तान बनाया गया है तब से मार्श अब तक 15 बार उनकी जगह कप्तानी कर चुके हैं। जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कॉनॉली, पैट कमिंस (सिर्फ साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए), जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मिचेल मार्श, ओलिवर पीक, मैथ्यू रेनशॉ, बिली स्टैनलेक, मिचेल स्टार्क (सिर्फ साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए), एडम जम्पा। टीम चयन से साफ है कि ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। विश्व कप विजेता टीम के प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है, वहीं युवा खिलाड़ियों को अवसर देकर भविष्य की टीम तैयार करने का संकेत भी दिया गया है। पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की वापसी विशेष रूप से अहम मानी जा रही है। दोनों तेज गेंदबाजों की मौजूदगी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत नजर आएगा। हालांकि दोनों का जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में उपलब्ध नहीं होना टीम के लिए चुनौती भी रहेगा। ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श की वापसी से ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम और मध्यक्रम को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## बड़ी खबर! पाकिस्तान टीम में मचा हड़कंप, 7 खिलाड़ियों की छुट्टी, कोच सरफराज और उमर गुल को भी हटाया



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान की हालत खराब होने के बाद टीम मैनेजमेंट ने बड़ा फैसला लिया है। दूसरे टेस्ट में 194 रन की हार के साथ सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद पाकिस्तान ने तीसरे और आखिरी टेस्ट से पहले सात खिलाड़ियों को स्क्वॉड से रिलीज कर दिया है। इसके अलावा टेस्ट टीम के मुख्य कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को भी उनके पद से हटा दिया गया है। पाकिस्तान ने तीसरे टेस्ट के लिए पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों समेत कुल सात नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। इनमें सैम अयूब और अब्दुल्ला फजल भी शामिल हैं। दोनों के पास टेस्ट क्रिकेट का अनुभव बेहद कम है। वहीं, पांच खिलाड़ियों को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। जिन सात खिलाड़ियों को टीम से रिलीज किया गया है, उनमें मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक, सलमान आगा, अली उस्मान, आमिर जमाल, अवैस जफर और खुर्रम शहजाद शामिल हैं। रिजवान और इमाम को लेकर पहले ही उनके प्रदर्शन और फिटनेस पर सवाल उठ रहे थे। पाकिस्तान ने तीसरे टेस्ट के लिए जिन पांच नए खिलाड़ियों को बुलाया है, उनमें अराफात मिन्हास, मोहम्मद इमरान जूनियर, साद बैग, मोहम्मद इमरान रंधावा और रजाउल्लाह शामिल हैं। इनमें से किसी ने अभी तक पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। पाकिस्तान ने कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच माइक हेसन अब टेस्ट टीम के साथ काम करेंगे। उनके साथ व्हाइट-बॉल सेटअप के गेंदबाजी कोच एशले नॉफ्के को भी टेस्ट कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पाकिस्तान को पारी और 103 रन से हार मिली थी। इसके बाद लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी टीम 194 रन से मुकाबला हार गई। लगातार दो हार के बाद पाकिस्तान सीरीज गंवा चुका है और अब उसकी नजर आखिरी मैच में सम्मान बचाने पर होगी। सीरीज पहले ही हाथ से निकल चुकी है, इसलिए पाकिस्तान के लिए यह मुकाबला नई टीम और नए कोचिंग संयोजन के साथ खुद को साबित करने का मौका होगा।

## 'कोर्ट पर मेरा अनुभव बहुत बुरा था', यूएस ओपन से पहले ही राउंड में बाहर होने पर बोले जोकोविच




न्यूयॉर्क। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने सोमवार को यूएस ओपन में अर्जेंटीना के मारियानो नवोन से पहले राउंड में मिली चौंकाने वाली हार के बाद कोर्ट पर अपने समय को बहुत बुरा अनुभव बताया। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी ने बताया कि लगातार शारीरिक समस्याओं - जैसे उल्टी, ऐंठन और दर्द - ने मैच खत्म करने की उनकी क्षमता पर बहुत बुरा असर डाला। एटीपी के अनुसार, हार के बाद जोकोविच ने कहा, "मुझे लगता है कि यह साफ था कि कोर्ट पर मेरे लिए अनुभव बहुत बुरा था। दुर्भाग्य से, इस साल लगभग हर मैच में मुझे इस समस्या का सामना करना पड़ा है। उल्टी होना एक गंभीर समस्या है। फिर मेरा पूरा शरीर जवाब देने लगता है, खासकर ऐंठन और दर्द के कारण। हां, आखिर में मेरी पीठ और कंधे ने साथ छोड़ दिया, और मैं मैच जीत नहीं सका।" इस हार ने जोकोविच के ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड में एक बड़ा बदलाव ला दिया। इस मैच से पहले 39 साल के इस खिलाड़ी को 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से किसी बड़े टूर्नामेंट के शुरुआती राउंड में हार का सामना नहीं करना पड़ा था। उन्हें ग्रैंड स्लैम में पहली बार हार 2005 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली थी। हालांकि, शारीरिक परेशानी होने के बावजूद नोवाक जोकोविच ने मैच में वापसी करते हुए खुद को जीत की मजबूत स्थिति में पहुंचा लिया था। वे दो सेट जीत चुके थे और एक सेट से आगे थे। चौथे सेट में भी उन्होंने एक ब्रेक की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद उनकी दिक्कतें बढ़ने लगीं और मैच का रुख बदल गया। जोकोविच ने कहा, "मैं चौथे सेट में एक ब्रेक से आगे था, लेकिन मैच के चौथे गेम से ही मुझे लगातार संघर्ष करना पड़ रहा था। फिर भी, मैं उनकी जीत का श्रेय कम नहीं करना चाहता। उन्हें बधाई। वे एक अच्छे इंसान और फाइटर हैं। हालांकि, मुझे खेलने में मजा नहीं आया।" हालांकि, ठीक होने के कुछ पल और हार न मानने के उनके जज्बे ने उन्हें खेलते रहने के लिए प्रेरित किया।

## सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 6 विकेट से मात देकर फाइनल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स

नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है, जिसने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली क्वींस के खिलाफ 6 विकेट से जीत हासिल की। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है, जिसने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल 5 में से 4 मैच जीतकर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स (0.581 नेट रन रेट) दूसरे स्थान पर है, जबकि साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (1.818 नेट रन रेट) ने भी 5 में से 4 ही मैच जीते हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के चलते यह टीम शीर्ष पायदान पर है। सेंट्रल दिल्ली क्वींस और ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 5 में से 1 मैच जीता है। ये दोनों टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं। हालांकि, सभी चारों टीम 1 सितंबर को अपने अंतिम लीग मैच खेलेंगी, जिसके बाद 2 सितंबर को खेले जाने वाले फाइनल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से होगा। रविवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस ने 7 विकेट खोकर 122 रन बनाए। इस टीम ने 4 के स्कोर पर दीक्षा शर्मा (2) का विकेट गंवा दिया था।

## बोरुसिया डॉर्टमुंड को लगा बड़ा झटका, डेब्यू मैच में बुरी तरह चोटिल हुए जियानिस कॉन्स्टेंटेलियास



बर्लिन। बोरुसिया डॉर्टमुंड को बड़ा झटका लगा है। टीम के मिडफील्डर जियानिस कॉन्स्टेंटेलियास अपने बुंडेसलीगा डेब्यू मैच में गंभीर रूप से चोटिल हो गए हैं। हैम्बर्ग के खिलाफ मैच के दौरान उनके बाएं घुटने का क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) फट गया। यह घुटने की गंभीर चोट मानी जाती है, जिसके कारण उन्हें कई महीनों तक मैदान से बाहर रहना पड़ सकता है। क्लब ने इस चोट की पुष्टि की है। 23 वर्षीय ग्रीक मिडफील्डर जियानिस कॉन्स्टेंटेलियास को शनिवार को हैम्बर्ग के खिलाफ 2-0 की जीत के दौरान गंभीर चोट लग गई। मैच के 52वें मिनट में मिडफील्ड में एक चुनौती के दौरान यह चोट लगी और उन्हें तुरंत मैदान छोड़ना पड़ा। 'सिन्हुआ' की रिपोर्ट के अनुसार, यह झटका तब लगा जब कॉन्स्टेंटेलियास ने डॉर्टमुंड के लिए अपने पहले लीग मैच में ही शानदार शुरुआत की थी और पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया था। डॉर्टमुंड के स्पोर्टिंग चीफ लार्स रिकेन ने कहा कि नए खिलाड़ी की शानदार शुरुआत के बाद यह चोट एक बड़ा झटका है। रिकेन ने कहा, "यह खबर हमारे लिए बहुत दुखद है क्योंकि जियानिस ने बहुत कम समय में ही दिखा दिया है कि हम उन्हें बोरुसिया डॉर्टमुंड के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी क्यों माने जाते हैं। हालांकि, अभी उनका और हमारा ध्यान उनके ठीक होने पर होना चाहिए। जियानिस को हमारा पूरा समर्थन है।" इस चोट के कारण डॉर्टमुंड को अपने विकल्पों पर विचार करना पड़ रहा है, क्योंकि जर्मन ट्रांसफर विंडो मंगलवार को बंद होने वाली है। कोच निको कोवाक ने हैम्बर्ग मैच के बाद ही संकेत दिया था कि क्लब ट्रांसफर मार्केट में कोई कदम उठाने पर विचार करेगा, लेकिन उन्होंने यह पक्का नहीं कहा कि कोई और खिलाड़ी साइन किया ही जाएगा। कोवाक ने कहा, "हमें इस पर कुछ सोचना होगा। हमें देखना होगा कि अभी क्या संभव है। हमें नहीं पता कि हम कुछ करेंगे या नहीं। हालांकि, कम से कम हम इस पर विचार जरूर करेंगे।"

## ला लीगा: रियल मैड्रिड ने मालागा को 4-0 से रौंदा, जूड बेलिंगहम बने जीत के नायक




मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने 2026/27 सीजन के शुरुआती दौर में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हाल ही में प्रमोट हुई टीम मालागा को 4-0 से हराया। रियल मैड्रिड की ओर से जूड बेलिंगहम जीत के नायक रहे, जिन्होंने एक गोल करने के साथ-साथ एक असिस्ट भी किया। बेलिंगहम ने मैच के 19वें मिनट में गोल करके रियल मैड्रिड की टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने सात मिनट बाद दूसरे गोल में भी अहम भूमिका निभाई, जब मालागा के गोलकीपर अल्फोंसो हेरेरो से टकराकर गेंद नेट में चली गई। इसके बाद, आधे घंटे के खेल के दौरान ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के बेहतरीन क्रॉस पर किलियन एम्बाप्पे ने सही जगह पर रहकर गोल किया और रियल मैड्रिड को 3-0 से आगे कर दिया। लगातार आठ दिनों में तीन मैच खेलने के बाद रियल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में खेल की रफ्तार थोड़ी कम कर दी। फिर भी टीम ने मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। इंजरी टाइम (स्टॉपेज टाइम) में अर्दा गुलेर ने टीम के लिए मैच का चौथा गोल दागा। एथलेटिक क्लब ने सेल्टा विगो के खिलाफ उनके मैदान पर 2-0 से जीत हासिल कर एडिन टेरजिक के नेतृत्व में शानदार खेल दिखाते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

# गैस, कब्ज की समस्या को दूर करता है ये सीड्स, डॉक्टर ने दी सुबह खाली पेट खाने की सलाह



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, गलत खान-पान, जंक फूड और खराब लाइफस्टाइल के कारण पेट से जुड़ी समस्याएं बेहद आम हो गई हैं। आज के समय में हर दूसरा व्यक्ति गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज से परेशान है। सुबह पेट ठीक से साफ न होने पर पूरा दिन थकान, चिड़चिड़ापन और भारीपन महसूस होता है। अगर लंबे समय तक कब्ज रहे, तो यह कई अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। ऐसे में मशहूर डॉक्टर सलीम जैदी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर ऐसे सीड्स के बारे में बताया है जिसका सेवन पेट की हर समस्या से छुटकारा दिला सकता है।

फाइबर से भरपूरः चिया सीड्स में घुलनशील और अघुलनशील दोनों तरह के फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह आंतों की मुवमेंट को सुधारकर मल त्याग को आसान बनाते हैं, जिससे पुरानी कब्ज दूर होती है।

जेल जैसा टेक्सचरः जब आप चिया सीड्स को पानी में भिगोते हैं, तो वे अपने वजन से कई गुना अधिक पानी सोख लेते हैं और एक जेल जैसी टेक्सचर बना लेते हैं। यह जेल आंतों की अंदर से सफाई करने और मल को मुलायम बनाने में मदद करता है।

गट हेल्थ में सुधारः ये बीज आंतों में मौजूद गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जिससे गैस, एसिडिटी और ब्लोटिंग की समस्या कम होती है।

वजन घटाने में मददगारः चिया सीड्स में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। जब आप इन्हें पानी में भिगोकर खाते हैं, तो यह पेट में जाकर फूल जाते हैं, जिससे लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है और बार-बार भूख नहीं लगती।

हार्ट हेल्थ के लिएः चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

भिगोकर खाएंः कभी भी सूखे चिया सीड्स सीधे न खाएं। इसके लिए एक चम्मच चिया सीड्स को एक गिलास पानी, नींबू पानी, या नारियल पानी में 20 से 30 मिनट के लिए भिगोकर रख दें। जब ये जेली जैसे हो जाएं, तब इनका सेवन करें। इसका सेवन हमेशा खाली पेट करें। खाली पेट खाने से मल त्याग में आसानी होती है और गैस, कब्ज की समस्या भी दूर होती है।

# सरकार ने अधिसूचित की ₹1.27 लाख करोड़ की सेमीकॉन 2.0 योजना

सरकार ने देश में चिप मैन्यूफैक्चरिंग के इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के खर्च वाली सेमीकॉन 2.0 योजना अधिसूचित की है। इस योजना को 6 अलग-अलग सेगमेंट में बांटा गया है, जिनमें भारतीय कंपनियों द्वारा चिप डिजाइन, चिप मैन्यूफैक्चरिंग के लिए जरूरी कैपिटल इक्विपमेंट बनाने वाली यूनिट्स की स्थापना, सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग, चिप असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग आदि शामिल हैं। सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि भारत सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर डिजाइन और मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए सेमीकॉन 2.0 योजना अधिसूचित करके देश के सेमीकंडक्टर सेक्टर को लगातार नीतिगत समर्थन देने का फैसला किया है। इसमें कहा गया है कि सेमीकॉन 2.0 चिप डिजाइन, मैन्यूफैक्चरिंग और पैकेजिंग से लेकर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के अलग-अलग सेगमेंट तक सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की पूरी वैल्यू चेन को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। सेमीकॉन 2.0 योजना का लक्ष्य राष्ट्रीय रणनीतिक और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए लक्षित टेक्नोलॉजी के डिजाइन, डेवलपमेंट और इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए मजबूत, भरोसेमंद और स्वदेशी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी डेवलप करना है। इसका लक्ष्य इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के लिए सेमीकंडक्टर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (IP) कोर, चिप, सिस्टम-ऑन-चिप (SOC) और मॉड्यूल का स्थानीय स्तर पर विकास करना है। इनकी पहचान समय-समय पर राष्ट्रीय महत्व और रणनीतिक प्राथमिकताओं के आधार पर की जाएगी। बताते चलें कि अभी भारत में कुल 3 सेमीकंडक्टर/चिप मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट चालू हैं, जहां उत्पादन हो रहा है।

# क्या आप जानते हैं नींबू पानी पीने से क्या होता है? डॉक्टर ने बताए इसके कमाल के फायदे



आज की दुनिया में, जहाँ लोग डिटॉक्स ड्रिंक्स और वायरल हेल्थ हैक्स के पीछे भागते हैं, हम अक्सर उन आसान आदतों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं जिनके पीछे असल में वैज्ञानिक तथ्य होता है। नींबू पानी को शरीर के लिए बेहद फायदेमंद ड्रिंक माना गया है। अक्सर लोग इसे केवल फ्रेशनेस के लिए पीते हैं, लेकिन शायद आपको मालूम नहीं है कि इसके हेल्थ बेनिफिट्स इससे कहीं ज्यादा हैं। जाने-माने स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टर शुभम वत्स ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर बताया है कि नींबू पानी पीने फायदे क्या हैं। तो चलिए जानते हैं। नींबू विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स का सबसे बेहतरीन सोर्स है। डॉक्टर शुभम वत्स के अनुसार, रोजाना नींबू पानी पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता तेजी से बढ़ती है। यह व्हाइट ब्लड सेल्स के निर्माण को बढ़ावा देता है, जो सर्दी-जुकाम, वायरल संक्रमण और मौसमी बीमारियों से बचाव में मददगार साबित होता है। अगर आप गैस, कब्ज या अपच जैसी पेट की समस्याओं से परेशान हैं, तो सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू निचोड़कर पिएं। नींबू का रस लिवर में पित्त रस के निर्माण को बढ़ाता है, जो पाचन के लिए बहुत जरूरी है। यह पेट से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर आंतों को साफ और स्वस्थ रखता है। डॉक्टर वत्स बताते हैं कि नींबू पानी पीने से वजन घटाने में भी मदद मिलती है। नींबू में पेक्टिन फाइबर पाया जाता है, जो बार-बार लगने वाली भूख को कंट्रोल करने में मदद करता है। गुनगुने पानी के साथ इसे पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे फैट और कैलोरी तेजी से बर्न होती है। नींबू पानी शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालकर बेहतरीन डिटॉक्सिफिकेशन का काम करता है। जब शरीर अंदर से साफ होता है, तो उसका सीधा असर त्वचा पर दिखता है। इसके नियमित सेवन से मुहांसे, झुर्रियां और दाग-धब्बे कम होते हैं। विटामिन सी कोलेजन के निर्माण में मदद करता है, जिससे त्वचा जवां और चमकदार बनी रहती है। नींबू में साइट्रिक एसिड भरपूर मात्रा में होता है। डॉक्टर शुभम वत्स के अनुसार, यह यूरिन की मात्रा और उसके पीएच लेवल को बढ़ाता है। नींबू पानी पीने से किडनी में कैल्शियम के क्रिस्टल नहीं बन पाते, जिससे पथरी बनने का खतरा काफी हद तक टल जाता है।

# शरीर को हेल्दी रखने के लिए क्या खाना चाहिए? ऑन्कोलॉजिस्ट ने बताया किन चीजों को डाइट में करें शामिल



अगर आप लंबे समय तक हेल्दी रहना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको अपनी डाइट में बदलाव करना होगा। अपनी डाइट में इन कुछ फूड्स को शामिल कर आप अपने शरीर को बीमारियों से दूर रख सकते हैं। कैंसर हीलर सेंटर के डायरेक्टर और ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. कृष्णा तरंग ने बताया कि हेल्दी रहने के लिए आपकी डाइट कैसी होनी चाहिए और किन चीजों को रोजाना की थाली का हिस्सा बनाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

सब्जियांः आप अपनी डाइट में ब्रोकोली, शलगम, मूली, सरसो का साग, पत्ता गोभी और फूल गोभी जैसे सब्जियां शामिल करें। ये सब्जियां क्रूसिफेरस परिवार से हैं जो कई विटामिन और मिनिरल्स से भरपूर हैं। इनमें विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन ए, फोलेट, पोटेशियम और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं। साथ ही ये सब्जियां ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम कर कैंसर के जोखिम को कम करने में मददगार हैं।

एंटी इंफ्लेमेटरी फूड्सः डॉक्टर कृष्णा तरंग कहते हैं कि अपनी डाइट में आप बेरीज और कलरफूल फ्रूट्स को ज़रूर शामिल करें। गहरे रंग के इन फ्रूट्स में एंटी ऑक्सीडेंट्स होता है जो फ्री रेडिकल्स को कंट्रोल करते हैं। बता दें, फ्री रेडिकल्स वो म्यूलिकल होता है जो डीएनए को डैमेज करता है यानी ये कैंसर सेल्स को ट्रिगर कर सकते हैं। इसलिए, अपनी डाइट में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर आंवला, जामुन, अनार, कच्चा टमाटर, ब्लू बेरीज जैसे फलों को अपनी डाइट में शामिल करें।

साबुत अनाजः आप अपनी डाइट में साबुत अनाज जैसे अरहर की दाल, राजमा, चना, लोबिया, चना दाल और ब्राउन राइस को ज़रूर शामिल करें। मल्टीग्रेन आटे से बनी रोटियां आपकी थाली में होनी चाहिए।

हेल्दी फैट्सः डाइट में फैट सुनकर घबराएं नहीं, रिफाइंड फैट सेहत के लिए नुकसानदायक है लेकिन हेल्दी फैट शरीर के लिए बहुत ज़रूरी है। इसलिए, अपनी डाइट में हेल्दी फैट जैसे नट्स और सीड्स को शामिल करें, अखरोट, अलसी, बादाम, पम्पकिन सीड्स इ सभी हेल्दी फैट्स हैं।

# घर का खाना खाने के बाद भी बढ़ सकता है कोलेस्ट्रॉल, इन वजहों को न करें नजरअंदाज

कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही ज्यादातर लोगों के दिमाग में सबसे पहले बाहर का खाना, बर्गर, पिज्जा, समोसा और ज्यादा तेल वाली चीजें आती हैं। यही वजह है कि बहुत से लोग मानते हैं कि अगर वे घर का खाना खा रहे हैं तो उनका कोलेस्ट्रॉल कभी नहीं बढ़ सकता। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है। घर का बना खाना सेहत के लिए अच्छा हो सकता है, लेकिन खाने के साथ-साथ हमारी रोज की आदतें भी शरीर पर असर डालती हैं। कई बार अच्छी डाइट लेने के बाद भी रिपोर्ट में कोलेस्ट्रॉल ज्यादा आ सकता है। इसकी वजह ज्यादा वजन, कम चलना-फिरना या खाने में कुछ चीजों की ज्यादा मात्रा हो सकती है। कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए पूरी तरह खराब नहीं होता। हमारे शरीर को इसकी थोड़ी मात्रा की जरूरत होती है। यह शरीर के कई जरूरी कामों में मदद करता है। परेशानी तब शुरू होती है जब खून में बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) की मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाती है। लंबे समय तक ऐसा रहने पर खून की नसों में धीरे-धीरे चर्बी जैसी परत जमा होती है। इससे आगे चलकर दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। कुछ लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की वजह उनकी जीवनशैली से ज्यादा उनके जीन हो सकते हैं। अगर परिवार में कम उम्र में हार्ट अटैक, स्ट्रोक या बहुत ज्यादा कोलेस्ट्रॉल की समस्या रही है, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। कुछ आनुवंशिक स्थितियों में शरीर एलडीएल को खून से हटाने में ठीक से काम नहीं करता और व्यक्ति की डाइट अच्छी होने के बावजूद कोलेस्ट्रॉल काफी बढ़ा रह सकता है।

# अप्रैल-जून तिमाही में 7.8% की दर से बढ़ी देश की GDP

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपना दबदबा कायम रखा हुआ है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई। बताते चलें कि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। सोमवार को सरकारी आंकड़ों में ये जानकारी दी गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (MoSPI) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून तिमाही) में स्थिर कीमतों पर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 81.36 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में ये 75.46 लाख करोड़ रुपये था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पहली तिमाही में वृद्धि की गति बनाए रखी है।'' वहीं, मौजूदा कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 88.27 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 80 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह मौजूदा कीमतों पर जीडीपी में 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

# PNB ने किया AI समिट 2026 का आयोजन, MD और CEO ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बैंक के विजन पर डाला प्रकाश

पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने PNB AI समिट 2026 का आयोजन किया। इस समिट में पॉलिसी बनाने वाले, रेगुलेटर, इंडस्ट्री लीडर्स, एकेडेमिया, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स, फिनटेक इनोवेटर्स और साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स एक साथ नजर आए। इस समिट में बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज़ और इंश्योरेंस (BFSI) सेक्टर के भविष्य को आकार देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजीज़ और साइबर सिक्योरिटी की क्रांतिकारी भूमिका पर चर्चा की गई। 2 दिन की इस समिट की शुरुआत DFS के एडिशनल सेक्रेटरी देबाशीष प्रस्टी ने की। इस मौके पर PNB के MD और CEO अशोक चंद्र, IBA के चीफ एग्जीक्यूटिव अतुल कुमार गोयल, भारत सरकार के साइंस और टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के नेशनल क्वांटम मिशन के QTC हेड JBV रेड्डी, IS एडवाइजर गुलशन राय और IIT कानपुर के डीन डॉ. प्रतीक सेन भी मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और DFS के अतिरिक्त सचिव देबाशीष प्रस्टी ने समिट को संबोधित किया और बैंकिंग में AI को अपनाने और राष्ट्रीय 'इंडिया AI मिशन' के बीच तालमेल बिठाने पर जोर दिया। MD और CEO अशोक चंद्र ने अपने स्वागत भाषण में, कस्टमर सर्विस, ऑपरेशनल दक्षता, रिस्क मैनेजमेंट और फाइनेंशियल समावेशन को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जेनरेटिव AI और एजेंटिक AI का इस्तेमाल करने के PNB के विजन पर प्रकाश डाला। समिट की एक खास बात ये रही कि 'साइबर सिक्योरिटी हैकाथॉन 2026' का सफल समापन हुआ।

# SBI में 211 दिनों की FD में कितना मिलेगा ब्याज, अधिकतम कितने रुपये कर सकते हैं निवेश

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) फिक्स्ड डिपोजिट खातों पर शानदार ब्याज ऑफर कर रहा है। देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक अलग-अलग अवधि वाली फिक्स्ड डिपोजिट (FD) स्कीम पर 3.05 प्रतिशत से लेकर 7.15 प्रतिशत तक का बंपर ब्याज दे रहा है। भारतीय स्टेट बैंक में कम से कम 7 दिनों की अवधि के लिए एफडी खाता खुलवाया जा सकता है। इसके अलावा, ग्राहक अधिकतम 10 साल की अवधि के लिए भी एफडी खाता खुलवा सकते हैं। यहां हम जानेंगे कि भारतीय स्टेट बैंक 211 दिनों की अवधि वाली एफडी स्कीम पर कितना ब्याज दे रहा है और आप इसमें अधिकतम कितने रुपये का निवेश कर सकते हैं? भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहकों को एफडी खातों पर न्यूनतम 3.05 प्रतिशत और अधिकतम 7.15 प्रतिशत तक का ब्याज दे रहा है। देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक 211 दिनों वाली एफडी स्कीम पर 5.90 प्रतिशत से लेकर 6.50 प्रतिशत तक का ब्याज ऑफर कर रहा है। भारतीय स्टेट बैंक 211 दिन की अवधि वाले एफडी खातों पर 59 साल तक के सभी ग्राहकों को 5.90 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। जिन ग्राहकों की उम्र 60 साल या इससे ज्यादा है, उन्हें 211 दिन की एफडी स्कीम पर 6.40 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

## ESDS Software Solutions IPO की शानदार शुरुआत




आईटी सर्विस प्रोवाइडर ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन लिमिटेड का आईपीओ शुक्रवार, 28 अगस्त को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया। ये आईपीओ मंगलवार, 1 सितंबर को बंद होगा। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के आईपीओ की शानदार शुरुआत हुई और सब्सक्रिप्शन के पहले ही दिन ये पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गया। NSE के आंकड़ों के मुताबिक, पहले दिन इस आईपीओ को कुल 2.10 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। एनएसई के अनुसार, आईपीओ में की गई 1,23,52,942 शेयरों की पेशकश के मुकाबले कंपनी को 2,59,77,972 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। पहले दिन, ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के आईपीओ को NII कैटेगरी के निवेशकों से 3.51 गुना और रिटेल इंवेस्टर्स से 2.69 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। वहीं दूसरी ओर, कंपनी के आईपीओ को QIB कैटेगरी के निवेशकों से महज 1 प्रतिशत ही सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। इससे पहले, ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन ने गुरुवार को एंकर इंवेस्टर्स से भी 216 करोड़ रुपये जुटाए थे। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन अपने इस आईपीओ से 720 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। 1 सितंबर को आईपीओ बंद होने के बाद 2 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा।

# योग में विशेष है 'महामुद्रा' का महत्व, शरीर ही नहीं मन को भी रखता है स्वस्थ

भारतीय परंपरा में योगासन, प्राणायम और मुद्राओं का विशेष महत्व दिया गया है। यह शरीर को शारीरिक स्वस्थ्य रखने के साथ-साथ मन को एकाग्र, शांत और संतुलित बनाने में मदद करता है। योग की विभिन्न मुद्राओं में 'महामुद्रा' भी अपना विशेष स्थान रखता है। यह शरीर को स्वस्थ्य रखता है और तंत्रिका तंत्र को संतुलति व ऊर्जावान बनाता है। 'महामुद्रा' हठ योग की एक बेहद महत्वपूर्ण और प्राचीन अभ्यास तकनीक है, जिसे 'महान मुद्रा' भी कहा जाता है। 'महामुद्रा' में 'महा' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत से हुई है, जिसका अर्थ 'हावभाव', 'मुद्रा', या 'मानसिक स्थिति' बताया गया है। इसलिए, इस मुद्रा को 'महान संकेत' या 'महान मुहर' के नाम से भी जाना जाता है। योग ग्रंथों में 'महामुद्रा' को 'अमृत का सोपान' कहा गया है, जिसका अर्थ है कि यह अभ्यास शरीर के विषैले तत्वों को निकालकर नई ऊर्जा से भर देता है। आयुष मंत्रालय और योगिक परंपराओं के अनुसार, 'महामुद्रा' एक उन्नत हठयोग अभ्यास है, जो मानसिक शांति, शारीरिक ऊर्जा के संतुलन और आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत प्रभावशाली है। यह तनाव कम करने और रक्त परिसंचरण में सुधार में सहायक मानी जाती है। यह इडा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियों के सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करता है, जो आध्यात्मिक जागृति की ओर ले जाता है। इस आसन को करने से पाचन तंत्र से जुड़े सभी अंगों पर दबाव पड़ता है, जिससे वे ज्यादा सक्रिय और स्वस्थ होते हैं। साथ ही, यह मेटाबॉलिज्म यानी चयापचय क्रिया को तेज करता है, जिससे खाना अच्छे से पचता है और शरीर में ऊर्जा बनी रहती है।

यह पेल्विक फ्लोर, रीढ़ की हड्डी और जांघों के पीछे की मांसपेशियों (हैमस्ट्रिंग) को स्ट्रेच और मजबूती बनाती है, जिससे शरीर में लचीलापन और ताकत दोनों बढ़ते हैं। इसके अलावा, डायबिटीज को संतुलित करने में भी मदद करता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में इंसुलिन बनने की प्रक्रिया संतुलित और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। हालांकि, इसे हमेशा खाली पेट (प्रातःकाल) करना चाहिए। उच्च रक्तचाप, ग्लूकोमा, गंभीर हर्निया, गर्भावस्था या मासिक धर्म के दौरान इसका अभ्यास न करें। रीढ़ की हड्डी में गंभीर दर्द या समस्या होने पर किसी विशेषज्ञ की देखरेख में ही करें। महामुद्रा का अभ्यास करते समय शरीर की स्थिति और श्वास की गति पर विशेष ध्यान देना आवश्यक माना जाता है। इसे जल्दबाजी में करने के बजाय सहज और नियंत्रित तरीके से करना चाहिए। नियमित अभ्यास से शरीर और मन के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने में मदद मिल सकती है।



## डीयू में बजा चुनावी बिगुल; ABVP ने जारी किए 13 संभावित उम्मीदवारों के नाम

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (DUSU) चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने आगामी डूसू चुनाव के लिए 13 संभावित उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। ABVP द्वारा जारी संभावित उम्मीदवारों की सूची में आलोक अत्री, आयुषी शर्मा, ईशु मौर्य, कृष्ण यादव, लक्ष्य राज सिंह, नितिन तंवर, प्रियांशु महामना, रिया छावड़ी, रिया मलिक, सनी डेढ़ा, तान्या मावी, वरुण यादव और यश डबास के नाम शामिल हैं। सभी संभावित उम्मीदवार 31 अगस्त से दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों और विभागों में छात्रों के बीच जाकर प्री-कैंपेन शुरू करेंगे। इस दौरान छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को लेकर सीधे संवाद किया जाएगा। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 18 सितंबर को होगा, जबकि 19 सितंबर को मतगणना होगी। 10 सितंबर तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा और 11 सितंबर दोपहर 12 बजे नामांकन वापसी की अंतिम समय-सीमा होगी।

# 'फुटपाथ पर बाल काटने वाले नाई की गलती नहीं', हाईकोर्ट ने ट्रक ड्राइवर को ठहराया जिम्मेदार

दिल्ली हाईकोर्ट ने सड़क हादसे के एक मामले में फुटपाथ पर बाल काटने वाले नाई को लापरवाह ठहराने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि फुटपाथ पवित्र और सुरक्षित स्थान है और ये वाहनों के लिए नहीं बना हैं इसलिए तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक की चपेट में आए एवं सड़क किनारे बाल काटने का काम करने वाले नाई को 'लापरवाही में साझेदारी' के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। जस्टिस अनीश दयाल ने 19 अगस्त को दिए फैसले में दिल्ली के आनंद पर्वत औद्योगिक क्षेत्र में फुटपाथ पर अपनी दुकान चलाने वाले नाई को मिलने वाले मुआवज़े की राशि बढ़ा दी। हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के 2022 के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें ''लापरवाही में साझेदार'' होने की वजह से मुआवजे की रकम 30% कम कर दी गई थी। कोर्ट ने साथ ही बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह अपीलकर्ता नाई को 1.71 लाख रुपये और उस पर सालाना 6% की दर से ब्याज का भुगतान करे। दरअसल, अपीलकर्ता फुटपाथ पर ही कुर्सी लगाकर बाल काटने का काम करता था और सितंबर 2019 में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में जस्टिस अनीश दयाल ने टिप्पणी की कि भले ही फुटपाथ पर कुर्सी लगाकर नाई का काम करने के कारण अपीलकर्ता को अनधिकृत माना जा सकता है, लेकिन यह नागरिक जिम्मेदारी या नगर निकाय की कार्रवाई का मामला होगा, न कि किसी तरह की लापरवाही में साझेदारी का। सिंगल बेंच ने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि लापरवाही में साझेदार तब साबित किया जा सकता है कि घायल या मृतक ने खुद दुर्घटना होने में योगदान दिया था। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में, दुर्घटना मुख्य रूप से इसलिए हुई क्योंकि वाहन को फुटपाथ पर चलाया गया या वह फुटपाथ से टकराया और इससे इनकार नहीं किया जा सकता। फुटपाथ और पैदल चलने वालों के लिए बनी जगहें पवित्र और



सुरक्षित होती हैं। ये ऐसी जगहें नहीं हैं जहां वाहन चलाए जाएं या उनसे टकराएं। वहीं, आपको बता दें कि हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इस वीडियो में दिख रहा है कि कैसे एक बुजुर्ग महिला फुटपाथ पर स्कूटी चलाने वाले के आगे चट्टान की तरह खड़ी हो गई और उसे सबक सिखाया। फैसले के बाद सड़क सुरक्षा और फुटपाथ के इस्तेमाल को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। अदालत की टिप्पणी का सीधा संदेश यह है कि पैदल यात्रियों के लिए निर्धारित स्थान पर किसी वाहन का पहुंचना अपने आप में गंभीर विषय है। फुटपाथ पर मौजूद व्यक्ति की वहां उपस्थिति को केवल इस आधार पर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता कि उसने वहां कोई अस्थायी गतिविधि कर रखी थी। इस मामले ने शहरी क्षेत्रों में फुटपाथ की वास्तविक स्थिति पर भी सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली समेत देश के कई शहरों में फुटपाथों पर दुकानदारों, ठेले वालों और अन्य लोगों की मौजूदगी आम दिखाई देती है। कई स्थानों पर पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है। ऐसे में यदि वाहन चालक भी फुटपाथ का इस्तेमाल करने लगें तो पैदल यात्रियों की सुरक्षा और अधिक खतरे में पड़ जाती है।

## जंतर-मंतर प्रदर्शन से जुड़ीं 13 FIR रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली पुलिस

दिल्ली के जंतर-मंतर और आसपास 20 से 25 जुलाई 2026 के बीच हुए CJP प्रदर्शन से जुड़े 13 FIR को रद्द करने के लिए दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। पुलिस ने यह अर्जी यशोवर्धन आजाद और अन्य की याचिका में दाखिल की है। 2873 लोग जिनको दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में क्रिमिनल बताया था। उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने अलग से नई FIR दर्ज करने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की है। दिल्ली पुलिस ने अपनी अर्जी में कहा है कि 25 जुलाई 2026 को केंद्र सरकार की ओर से लिए गए फैसले के बाद अब इन FIR में आगे कार्रवाई नहीं करना चाहती। पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट से इन मामलों को खत्म करने की मांग की है। अर्जी के साथ दिए गए चार्ट के मुताबिक, ये FIR 21, 22, 25 और 26 जुलाई को अलग-अलग थानों में दर्ज की गई थीं। इन मामलों में दंगा, हत्या की कोशिश और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप लगाए गए थे। एक FIR में लूट का आरोप भी दर्ज है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा है कि प्रदर्शन के दौरान गंभीर आपराधिक मामलों में पहले शामिल रहे 2,873 लोगों की भूमिका की जांच जरूरी है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड का जिक्र राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के डेटा में है। पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट से इन 2,873 लोगों को लेकर एक नई और अलग FIR दर्ज करने की इजाजत मांगी है। इस FIR की जांच सिर्फ यह पता लगाने के लिए होगी कि प्रदर्शन के दौरान किसी व्यक्ति की हिंसा या सरकारी-सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में कोई भूमिका थी या नहीं। पुलिस ने यह भी साफ किया है कि इस अर्जी में शामिल घटनाओं को लेकर इसके बाद कोई नई FIR दर्ज नहीं की जाएगी। अगर इन्हीं घटनाओं से जुड़ी कोई और FIR सामने आती है, तो उस मामले में भी प्रभावित पक्ष को इसी तरह की राहत मांगने पर पुलिस विरोध नहीं करेगी। दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट से संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी खास शक्ति का इस्तेमाल करते हुए इन 13 FIR को रद्द करने की मांग की है। साथ ही 2,873 लोगों से जुड़ी सीमित जांच के लिए एक नई FIR दर्ज करने की अनुमति मांगी गई है। पुलिस ने यह भी कहा है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश सिर्फ मौजूदा मामले की खास परिस्थितियों को देखते हुए हो और इसे आगे के मामलों में मिसाल के तौर पर इस्तेमाल न किया जाए। यह अर्जी 31 अगस्त 2026 को दाखिल की गई है और इसके साथ दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर अजय कृष्ण शर्मा का हलफनामा भी लगाया गया है। दिल्ली पुलिस की इस अर्जी के बाद अब मामले में अगली नजर सर्वोच्च न्यायालय के रुख पर रहेगी। अदालत के सामने एक ओर उन लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों को समाप्त करने का प्रस्ताव है, वहीं दूसरी ओर पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान संभावित हिंसक गतिविधियों में भूमिका की जांच के लिए अलग प्रक्रिया अपनाने की अनुमति मांगी है।

# CM रेखा गुप्ता ने लिया सख्त एक्शन, दिल्ली के जिस प्ले स्कूल में साढ़े 3 साल के बच्चे से मारपीट हुई




नई दिल्ली। दिल्ली के एक प्ले स्कूल के खिलाफ सीएम रेखा गुप्ता ने सख्त एक्शन लिया है। इस स्कूल को सील कर दिया गया है। ये वही प्ले स्कूल है, जहां एक साढ़े 3 साल के मासूम बच्चे के साथ मारपीट हुई थी और फिर बच्चे के माता-पिता की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। दिल्ली सरकार ने मौजपुर के प्ले स्कूल को सील कर दिया है। सीएम रेखा गुप्ता के आदेश पर मौजपुर के मकून्स प्ले स्कूल को सील किया गया है। इस स्कूल में एक साढ़े तीन साल के बच्चे के साथ मारपीट का CCTV सामने आया था।

बच्चे के माता-पिता की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामला सामने आने के बाद दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के द्वारा डेप्युटी डायरेक्टर की अध्यक्षता में एक जांच टीम भी गठित कर दी गयी है, जिसकी रिपोर्ट दो दिनों में आ जाएगी और अब CM के आदेश पर इस स्कूल को सील भी कर दिया गया है। दरअसल हाल ही में ये खबर सामने आई थी कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के एक प्ले स्कूल में एक साढ़े 3 साल के मासूम के साथ मारपीट और बदसलूकी हुई है। इसका सीसीटीवी भी सामने आया था। बच्चे के माता-पिता को तब पता लगा, जब बच्चे ने कान में दर्द की शिकायत की।

## महाजन इमेजिंग एंड लैब्स और न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स के बीच रणनीतिक साझेदारी




महाजन इमेजिंग एंड लैब्स ने पैथोलॉजी और वेलनेस सेवाओं को मजबूत करने और उत्तर भारत में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) साझेदारी की है। इस साझेदारी के जरिए दोनों कंपनियां रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन और जीनोमिक्स सेवाओं को एकीकृत करने की दिशा में काम करेंगी। महाजन इमेजिंग एंड लैब्स को एडवांस्ड इमेजिंग, न्यूक्लियर मेडिसिन, पैथोलॉजी और जीनोमिक्स के क्षेत्र में 35 सालों से अधिक का अनुभव है। कंपनी की दिल्ली-NCR और जयपुर में मजबूत मौजूदगी है। वहीं, न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स भारत के साथ-साथ UAE, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका में भी काम कर रही है और पैथोलॉजी व जीनोमिक्स के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं के लिए जानी जाती है। कंपनियों के मुताबिक, साझेदारी से जीनोमिक्स, मेटाबोलोमिक्स, प्रोटिओमिक्स और मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी जैसे क्षेत्रों में टेस्टिंग क्षमताओं का विस्तार किया जाएगा। इसका उद्देश्य एक अधिक एकीकृत डायग्नोस्टिक्स प्लेटफॉर्म तैयार करना और उत्तर भारत के नए भौगोलिक क्षेत्रों में सेवाओं का विस्तार करना है। समझौते के तहत महाजन इमेजिंग एंड लैब्स उत्तर भारत के 7 राज्यों के लिए न्यूबर्ग की विशेष साझेदार के रूप में काम करेगी। इसके तहत महाजन इमेजिंग एंड लैब्स नोएडा, लखनऊ और जम्मू में न्यूबर्ग की मौजूदा लैब्स के कारोबार को अपने अधीन लेगी। संयुक्त उद्यम के संचालन और विकास की जिम्मेदारी कबीर महाजन को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में दी गई है। यह साझेदारी ऐसे समय में हुई है जब भारत का संगठित डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र पारंपरिक जांच से आगे बढ़कर प्रिवेंटिव, स्पेशलाइज्ड और प्रिसिजन डायग्नोस्टिक्स की ओर बढ़ रहा है। ICRA के अनुमान के मुताबिक, संगठित डायग्नोस्टिक्स कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 2027 में 12-14 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कंपनियों का कहना है कि लैब इंफ्रास्ट्रक्चर, सैंपल कलेक्शन और एडवांस्ड टेस्टिंग में निवेश के जरिए इस बढ़ती मांग का लाभ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूबर्ग की पैथोलॉजी, जीनोमिक्स, वेलनेस और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमताओं के जरिए इस आधार को और मजबूत किया जाएगा।

# कानपुर पुलिस पर पथराव के बाद बड़ा एक्शन, लेखपाल समेत 7 गिरफ्तार, शव रख हाईवे जाम कर किया था हंगामा

**कानपुर के चकेरी में महिला की मौत के बाद मायके पक्ष ने शव रखकर कानपुर-प्रयागराज हाईवे जाम कर दिया।**



महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देखते ही देखते हिंसक हो गया। शव को सड़क पर रखकर कानपुर-प्रयागराज हाईवे जाम कर रहे लोगों को समझाने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव किया गया, जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। अब इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने 23 लोगों को नामजद करते हुए 30 से 40 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना चकेरी थाना क्षेत्र की है। शेखपुर गांव निवासी 32 साल की माला की शादी करीब आठ साल पहले लालूखेड़ा निवासी मुन्ना निषाद से हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। शनिवार को माला की तबीयत खराब होने पर उसके रिश्तेदार शनि उसे दवा दिलाने के बाद दोपहर में ससुराल छोड़कर गए थे। परिजनों के अनुसार, करीब एक घंटे बाद माला के पति ने फोन कर बताया कि उसने फंदा लगाकर जान दे दी है। सूचना पर मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे, जहां माला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और जरूरी साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार शाम पोस्टमॉर्टम के बाद जब मायके पक्ष के लोग शव लेकर लौट रहे थे, तभी रास्ते में ससुराल पक्ष से उनका विवाद हो गया। मायके वालों का आरोप था कि महिला की मौत के मामले में ससुराल पक्ष के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई नहीं की गई। इसी आक्रोश में लोगों ने चकेरी एयरपोर्ट के पास कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। हाईवे पर यातायात ठप होने की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। आरोप है कि भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पथराव में चकेरी इंस्पेक्टर अजय प्रकाश मिश्र, महाराजपुर इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह और अहिरवां चौकी प्रभारी राजवीर सिंह घायल हो गए। हालात बिगड़ने पर एडीसीपी शिवा सिंह, चकेरी एसीपी आशुतोष सिंह समेत चार थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अतिरिक्त फोर्स ने स्थिति संभाली और हाईवे से भीड़ को हटाकर यातायात बहाल कराया। अहिरवां चौकी प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास, बलवा, सरकारी काम में बाधा डालने, पुलिसकर्मियों को ड्यूटी से रोकने और सार्वजनिक मार्ग बाधित करने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई करते हुए बिल्हौर में तैनात लेखपाल अंबुज कुमार, सौरभ, लवकुश, दीपू निषाद, मृतका के भाई कैलाश कुमार और दो महिलाओं गीता व शांति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दूसरी ओर, मृतका के मायके पक्ष की शिकायत पर उसके पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों मामलों की अलग-अलग जांच कर रही है। अब वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर बाकी आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## लोहे की ग्रिल पर गिरी फूल तोड़ने गई बच्ची, हाथ में घुस गया सरिया, AIIMS में हुई सर्जरी



ओडिशा के पुरी जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां पूजा के लिए फूल तोड़ने गई एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक बच्ची फूल तोड़ने के लिए पेड़ के ऊपर चढ़ी थी। इसी दौरान फूल तोड़ने की कोशिश के दौरान पैर फिसलने की वजह से वह एक लोहे की ग्रिल वाले गेट पर गिर गई। इससे लोहे की ग्रिल का सरिया उसके हाथ में घुस गया। यह घटना डेलांग थाना क्षेत्र के जमुना गांव में हुई। जानकारी के मुताबिक, घायल बच्ची की पहचान सुप्रिया राय के रूप में हुई है। सुप्रिया खुदुरुकुनी पूजा के लिए फूल इकट्ठा करने गई थी। जिस जगह फूल थे, वहां का गेट बंद था। गेट बंद होने के कारण सुप्रिया फूलों तक पहुंचने के लिए दीवार पर चढ़ गई। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गई और लोहे की ग्रिल का एक सरिया उसके हाथ में घुस गया। हादसे के बाद बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी जानकारी दी। वहीं सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने बच्ची को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रिल को काटकर बच्ची को रेस्क्यू किया गया। इस दौरान ग्रिल बच्ची के हाथ में ही फंसी रही।

# उज्बेकिस्तान में हिट हैं PM मोदी की कविताएं, ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्रों ने 3 उज्बेक में ट्रांसलेट कीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए किर्गिस्तान पहुंचे हैं। इससे पहले वह उज्बेकिस्तान के दौरे पर थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच टेररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और डिफेंस में सहयोग को लेकर अहम समझौते हुए। हालांकि, सबसे ज्यादा चर्चा में पीएम मोदी की कविताएं रहीं। पीएम ने ये कविताएं खुद लिखी हैं। उज्बेकिस्तान के छात्रों ने इन कविताओं को हिंदी में याद किया और पीएम मोदी के सामने सुनाया। पीएम की कविताओं की जबरदस्त लोकप्रियता उनके उज्बेकिस्तान दौरे की एक खास बात रही। उज्बेकिस्तान के प्रेसिडेंट ने कुकसरॉय पैलेस में एक अनौपचारिक रात्रि भोज का आयोजन किया था। इस दौरान पीएम मोदी की कविता "अभी तो सूरज उगा है" पर आधारित एक खास म्यूजिकल परफॉर्मेंस रखी गई। मोदी की लिखी कविताओं के पाठ को दर्शकों से बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला और यह जल्द ही बातचीत की सबसे यादगार बातों में से एक बन गई। ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में स्टूडेंट्स और एकेडमिक कम्युनिटी के साथ पीएम मोदी की बातचीत के दौरान एक खास कल्चरल पल देखने को मिला, जब उज्बेक स्टूडेंट्स एक साथ आए और प्रधानमंत्री के सामने पॉपुलर कविताएं गाईं और सुनाईं, जो असल में पीएम मोदी ने खुद लिखी हैं। स्टूडेंट्स ने तीन कविताएं पेश कीं, जिनमें से हर एक हिंदी और उज्बेक दोनों भाषाओं में सुनाई गई। इसका उज्बेक ट्रांसलेशन तीसरे साल की छात्रा दिलशोदा जुराबोएवा ने सुनाया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व प्लॉट नंबर - 12 सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12सी, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान - 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJBIL/26/A5611 प्रबंध सम्पादक - गजेंद्र सिंह राठौड़, मो . 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in